विज्ञापन.

श्रीमंतो धर्माचार्य धर्मशील सद्गुरुभ्योनमः अहो भव्यलोको नमस्कार करो उस आदि पुरुषोत्तम ऋषभ सर्वज्ञकूं की जिसने धर्म अर्थ कांम ओर मोक्षका रस्ता बतलाया ओर प्रजा सुखसे निर्वाह करसके इसवास्ते अनेक कलाकौशल पैदा करके प्रजाकूं सिखलाइ जगतमें कुंभार सुथार लुहारादिकोकी कारीगरी देखके निश्चे अनुमांन होताहे के यह विद्यासरूमें उसीने सिखलाईहे वह देहधारी ओर स्वयंबुद्ध ज्ञानीथा निराकार ईश्वर विद्या उपदेशक नही होसकता इय बात तो न्यायसे ओर प्रतक्ष प्रमांणसेंही सिद्धहे हां अलबत्तें बुद्धि तो मनुष्योकी उसमें सहाय देणेवाली जरूरहे जेसें विद्यांमान अंग्रेजोने एक २ वस्तूका होता हुवा कार्य देखके रेल तार बिजली छापखाणे आदि अनेक कल पेदा करली खिचडी पकती हुइ हंडीकी बाफसे ढकणी उछलतीकूं देख अग्नि ओर पाणी ओर वायूके योगसे एसी कुदरत होतीहे इतनी बातकूं विचारते बाफकूं रोकणेका ज्यादा प्रयत्न बढाया तो अनेक किस्मके कार्य द्रव्यानुयोगसें करते चले जातेहे अगर इस बातकूं

ज्यादा सुक्ष्मबुद्धिसें विचारोगे तो इह कार्यभी उस आदि पुरषकी बनाइ शिल्पकलाउमेहीहे जो कोइ कहेगा की तुमारे आर्यावर्त्तमें यह विद्या कब थी जूठी बातकूं हम केसें माने उत्तर हे महाशय हमारा देश सर्व विद्याका उर धनका भंडारथा देखो हमारा कोणिक असोक चंद्रराजाका चरित्र उसने छव खंडका चक्रवर्त्ति बणणेकुं दिग्विजय करणेकूं सातरत्न लोहमइ बणायेथे सो चक्र तो आकासमें स्वत चलताथा इत्यादि इस कलसे काम लेणेकी कारीगरी उस वखत कायमथी जिसकों अढाइ हजार वर्षही भयाहे गजसिंह कुमार चरित्रमे एक सुथारने एसा मोर बणायाथा कलका उसपर बेठणेसे सइकडो योजन गजसिंह कुमार फिराथा देखो वसुदेव हिंड उससें वसुदेवजीकूं बुलाणे राजाने कलमइ हाथी बणाके भेजाथा देखणेमें हाथीकी तरे उसके पेटमें आदमी लोक बेठेथे इत्यादिक कलकी कारीगरी आर्यावर्त्तमेंथी विमानभी आकाशमे चलतेथे पद्मचरित्रसे साबितहे जबसे विद्याका पठन पाठन कमपडा तबसें बुद्धिभी मंद होते गई लडाइ दंगोमे बहोत कामिल शास्त्रभी नष्ट भ्रष्ट होगये उर विलायतोवालेभी

लेगये इसवास्ते यह ग्रंथको जो मेने संग्रह क-
राहे सो च्यारोही वर्णके मनुष्योके लिये हित-
कारीहे कारण हरकिसमका काम जो ज्ञानयुक्त
बुद्धिसें विचारके करणेमें आताहे तो अंतमे उ-
सका परमार्थभी ठीक हासिल होताहे इसमे
नोकरी राज्य सेवा युद्ध मातापिता आदिकोसें
वर्त्तावा रुजगार सात प्रकारकी आजिविका
व्याज वगेरे सब करके पूरा नफा करके शंसा-
रमे धनवान इज्जतदार उर बमा चतुर बजकर
अंतमें जीव परमपद साध सकताहे एसा ग्रंथ
किसीने नहीं छपाहे ज्यादा क्या तारीफ लिखूं
इस ग्रंथकूं पढके जो अमल करेगा तो निश्चे
वह मनुष्य वतोर बालस्टरोके माना जायगा
यह ग्रंथ साक्षात्कानून धर्मशास्त्रहे इस अर्थोके
प्रकाशक अर्हद् परमेश्वरहे जैनधर्मके कायदा
कानून कइएक नमुनेकी वानगी लोकहितार्थ
जाहिराकीहे अवलसें लेकर आखरीतक पढे
विगर तृप्तिभी न होगी गृहस्थके धर्म कायदेके
श्राद्धदिनकर आचारदिनकर विवेक विलाश
श्राद्धप्रज्ञप्ती श्राद्धकौमुदी आदि अनेक ग्रंथ वडे
विस्तारके संस्कृत प्राकृत भाषामें वणे हुयेहे
लेकिन् भाषाभिलाषी पुरषोके लियेही मेरा प-

रिश्रमहे जैनधर्ममें सर्व तरेके ग्रंथ मोजूद ज्योतिषवैद्यकादिक परंतु जैनलोक उसकी खोज नही करतेहे उर जो कोइ खोज करे तो उसकूं मदत नही मिलतीहे मेने यह ग्रंथ मंबईमें छ-पाणे गया तब श्रीमान् सावणसुखा बीकानेर वास्तव्य सेठ जुहारमलजी समेरमलजीके मु-नीम पारख माणकचंदजीने मुझे कुछ एक आश्रय दियाहे जिसके सहायसें यह मेरा परिश्रम सफल भयाहे इस ग्रंथकी किमत ब-होत खरचा लगणेपरभी बहोत थोमी रख्कीहें १॥ रुपा देढ जिल्द बंधी समेत ॥ मिलणेका ठिकाणा बीकानेर राजपूताणा बमा उपासरा उ-पाध्याय युक्तिवारिधिः श्रीरामलालजी गणिः के शिष्य पांक्षेमचंद पेमचंद अमरचंद प्रकाशक विद्याशाला ॥

अथ

॥ श्री श्रावक व्यवहारालंकारः ॥

॥ श्रीऋषभादिचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्योनमः ॥ श्रीवाण्यायैनमः ॥ अथश्रावकव्यवहारालंकार ग्रंथोयंलोकभाषयालिख्यते ॥ सर्वसंपत्करीयासा वाणीकलुषनासिनी ऋद्धिसिद्धिप्रदानित्यं वंदेजि नमुखोद्भवं ॥ १ ॥ धर्मशीलात्मयालब्धा भवाब्ध्यो च्छेदकारणीं लोकलोकोत्तरोशुद्धिं नौमिनित्यं स- सद्गुरुं ॥२॥ व्यवहारअलंकारं श्रावकस्यसुखायवै क्रीयते ऋद्धिसारेण श्राद्धग्रंथानुसारतः ॥ ३ ॥

अब–पहले गृहस्थ श्रावक च्यार घडी पि- छली रात रहनेसें उठके मनमें नवकार मंत्रका जाप करता हुवा जिधरका स्वर नाकका चलता होय वोही पांव अपणे बिछोनेसें नीचे जमीनपर रखके फेर जतनके साथ निर्जीव शुद्ध जमीनपर काय चिंतासे निवृत्त होकर शुद्ध वस्त्र पहनकर सारे बदनपर हाथ फेरकर आठ पांखडीका कमल अपने नाभिचक्रमें मनसे विचारकर एक- सो आठ वेर अथवा ज्यादा मनमेंही नवकार मंत्रका जाप करे जिसमें संसार संबंधी कार्य-

सिद्धिके वास्ते ॐ ह्रीँ एसा बीज लगाकर पां-
चोंही परमेष्टीका जाप जपे मुक्तिके वास्ते ए-
साही जापजपे फेर सामायकादिक ६ आवस्यक
करे जिन मंदिरमें जाके विधीके साथ चैत्यवं-
दनादि करे इसका विस्तार चैत्यवंदनभाष्य
श्राद्धदिनकरादिक ग्रंथसें जाणना फेर जतनके
साथ जिनमूर्त्तिकी पूजा स्नान तिलकादिक करके
द्रव्यभाव संयुक्त करे पूजाका विस्तार श्राद्धविधी
पूजापंचाशकादि ग्रंथोसें जाणना फेर उपाश्रय
जाके गुरुवंदन करके व्याख्यान सुणे पच्चख्काण
करे गुरुवंदनकीविधि गुरुवंदनभाष्यसें जाणना
पच्चख्काणका निर्णय आगारोका अर्थ पच्चखाण
भाष्यसे जाणना गृहस्थकूं चाहीये पंडित जतीसें
हमेसां धर्म सुणे उरसीखे क्यूं के विद्या एसी
अमोलख कामधेनुहे सों सबतरेके मनवंछित
पूरणे समर्थ हे ऊपर कहे मुजब धर्मक्रिया
किया पीछे राजा अपणे राज्यसभामें जावे
मंत्री अपणे सुप्रत न्यायसभाका काम देखे
व्यापारीवणिक अपणे २ उद्यमका प्रयास करे
धर्मकूं विरोध नही आवे इस मुजब धन पैदा
करे जेसें राजा धनवानका उर गरीबका अपने
खातरीवाले मान्य पुरुषका उर सामान्य प्रजा-

का उत्तमका उर नीचका पूर्वापर जुवानकूं विचारकर कसूरदारका कसूर जाणकर मध्यस्थ भावसें इनसाफ करें ज्यादे खातरी न्यायपक्षमें नही करे इसपर एसा दृष्टांतहे कल्याण कटकपुर नगरमें बमा न्यायवान एसा यशोवर्मानामे राजा राज्य करताथा उस राजानें राज मेहेलके नीचे गरीब लोकोंकी फरियाद सुननेको न्याय घंटा बंधवाई एक समय राजाकी कुलदेवी राजाके न्यायकी परिक्षा करणेकूं तुरत जणी हुई गायका रूप धारण कर बच्चे समेत राज रास्तेमें बेठ गई इतनेमें राजाका लमका पूरे जोरसें घोमा दोमाता हुवा आतेके फेटमें आणेसें वछमा मारा गया तब वो गाय वमे शब्दसें पुकार करती हुई रोती २ आंसू वरसाणे लगी तब किसी आदमीने गायसें कहा इहांतो जो होणहारथा सो होगया अगर इनसाफ करायें चाहतीहे तो राजाकी न्यायघंटा बजाकर फरी-याद कर तब वह गाय उसी मुजब जायकर सींगोंसें घंटा बजाणे लगी राजा उस वखत भोजन करताथा घंटाकी अवाज सुणकर पूछा ये फरीयादी कोण हे नोकरोने देखकर कहा एक गइया वजातीहे राजा भोजन छोमके

जाहिर आया तब गइयासें पूछणे लगा तुजें किसीने सतायाहे क्या वो सताणेवाला कहांहे मुजे बतला तब गऊ आगे चली राजा उनके पिछाडी चला गऊनें मराहुवा बछडा दिखलाया राजा तब लोकोंसें पूछणे लगा ये बछडेकूं जिसनें माराहे वो हमारे सामने आवे जब कोइभी आदमी हाजर नहीं भया तब राजाने नियम कीया जब कसूरवार जाहिर होगा तभी अन्न जल लूंगा राजाकूं लंघन भया तब राजाका लडका हाथ जोड हाजर हुवा कहणे लगा हे स्वामी गुनहगार में हुं इसवास्तेही चाणाक्य नीतिमें लिखाहे यतः विनयं राजपुत्रेभ्यः पंडितेभ्यः सुभाषितं ॥ अनृतं द्यूतकारेभ्यः स्त्रीभ्यःशिक्षेतकैतवं ॥ १ ॥ अर्थ—विनय याने अदबका कुरब कायदा सीखणा होय तो राजोंके कुमरोंसें सीखणा वो लक्ष्मीपुत्र छोटे उर बडे सबोंके संग वरतावेकी नीतीसें चलतेहे कुलहीन आदमी हुकमत उर पेसेके नसेमें किसीकूं कुछ नही समजतेहे काग जो सिंहासणपरभी बैठ जाय तो क्या हंसके गुण जो क्षीरनीर जुदे करणेके हे वो कब आसकताहे उर सभामें वोलणेके सुभाषित सीखणा होय तो

पंडितोंसें सीखणा अनृत याने झूठ चोरी छरी-
फाड़ सीखणा होय तो जुवारीसें सीखणा उस-
में ये सब अपलक्षण होते हे और कैतव याने
कपटाइ सीखणा होय तो औरतोसें सीखणा
स्त्रीका जन्मही मायावळहे उस कुमरनें राजासें
सब हकीगत कह सुणाई हे पिताजी जेसा
मेरा कसूरहे वेसीही मुझे सजा होणी चाहिये
तब राजा कानूनके जांणकार स्मृतियोंके पढे
ब्राह्मणोसें राजाने पूछा तब उन ब्राह्मणोंनें कहा
हे राजन् राजके योग्य तेरे ये एकही लडकाहे
इसके वास्ते क्या सजा बतलावें तब राजा
बोला हे ब्राह्मणो किसका राज किसका लडका
मेंतो सबसें ज्यादा न्यायनीतिकूं समझताहुं
और राजाओंका यही श्रेष्ठधर्महे सोही लिखाहे
दुर्जन जो बद आदमी प्रजाकूं कष्ट देणेवाला
उसकूं दंड करणा १ सत्जन याने गुणवंत और
अछी चालचलणेवाले पुरषोंकी पूजा सत्कार
करणा २ न्यायसें खजानेका धन जमाकरणा ३
पक्षपात याने तरफदारी न करणा ४ शत्रु जो
राज्यके दुस्मन हे उनकूं जीतके प्रजाकी
हमेसां रक्षा करणी ५ ये राजा लोकोंकूं नित्य
करणे योग्य पंचमहायज्ञ जांणना सोमनीतिमेंभी

कहाहे राजाउंको चाहिये अपणे लमकेने कोइ कसूर कीया होय तो अपराध माफक दंम करणा इसवास्ते राजपुत्रकी कोइ खातरी नही राखकर शास्त्रोक्त दंम होय सो कहो तबजी पंमतोनें कुछजी नही बतलाया तब राजा वि- चारणे लगा जो जीव दुसरे जीवकूं हकनाहक दुख देवे तो जिस मुजब उस जीवने दुसरे जीवकूं कष्ट पोहचाया होवे वेसाही कष्ट उस गरीब फरीयादीके बदलेमें कसूरदारकूं देणा यही राजाउंका न्यायहे उर किसीने उपगार कीया होय तो उसका गुण नही जूलकर उसका बदला उतारणा ये सब सत्पुरषोंका धर्म हे उर राजाउंकों चाहीये अनाथ दीन दुखी अबोलकी ज्यादा रक्षा करे क्षत्रीलोकोकी एसी नीतिहे की जो दुस्मन शस्त्र मालके नग्न हो- जावे उसकूं मारे नही जो शत्रु संग्राममें जाग जावे उस जागतेकूं मारे नही जो शत्रु मूंमे घास तिणखा माल लेवे एसे पशुसंज्ञक शत्रुकूं मारे नही जिसने किसीकाजी विगाम नहि कियाहे एसे निरपराधीकूंजी मारे नही जेसें राजाकी प्रजा मनुष्यहे उससें अधिक राजाकी प्रजा दुपग्गे उर चोपग्गे वगेरह जिनावरहे इस

जांणवरोंसें प्रजाकूं अनेक तरेके फायदे उस जांनवरोंके जीवणेसे हे अपणी मोतसें मरे बादभी उनके चमड़ा वगेरह अनेक तरेका काम आताहे मनुष्य तो मरे बाद कुछभी काम नही आसकताहे एसें जानवर निरपराधीयोको जो राजपुत्र अपणे स्वारथकेवास्ते मांस खाने-का लालची होकर मारे वो राजपुत्र न्याइ नही महा अन्याईहे क्योंके आदमी तो आपणा अहवाल कहकर सुणाताहे ये जांनवरोंका दुख जब राजाही नही सुणेगे उर दया न लावेगे तो फेर इन गरीबोकों तो सब अनार्य म्लेच्छ मारतेही हे फेर इनकूं तो सरणागत जो राजा सबका रक्षक वोही मारताहे तब तो न्याय पातालमें गया पहले लिखाहे नग्न शस्त्ररहित शत्रूकूं राजा मारे नही तो सब पशु नग्न उर शस्त्ररहितहे श्वापद सिंहादि बलीहे लेकिन शस्त्रधारी तो नहीहे लेकिन् उर पशुउंकों मनु-ष्योंको मारताहे इसवास्ते उसका यत्न करे लेकी-न अन्यपशु निरपराधी शस्त्ररहित हे घास मूंमें माल लेवे एसें शत्रूकूंभी राजपूत पशुजांण मारे नही तो प्रत्यक्ष घास करके पेट भरणेवाले एसे निरापराधी पशुकूं केसें मारे भागते पशुभी

मारणे योग्य नही कारण भागते शत्रूकूं राजपूत मारे नही तो भागते हुये जांनवरकूं केसें मारे केइ एक मांसाहारी अपणे स्वारथके वास्ते एसा कहतेहे पशुउंमें अविनासी आत्मा नही एसें कहणेवाले महामुर्ख निर्दइ उर मांसके लालचीहे ज्यांनवरका मायना सोचेतो एसा अर्थ जाहिरा मालम देताहे ज्यांन कहते जीव वर मायने प्रधान याने अच्छा जीव तो फेर अविनासी आत्मा पशुउंकी नही इसबातमें क्या प्रमाणहे खून मनुष्योकेभी शस्त्र लगणेसें निकलताहे उर खून पशुउंकेभी निकलताहे शस्त्रकी चोट लगणेसे आदमी पुकार करताहे वेसा ही जांनवर करताहे मारके डरसें मनुष्य भागताहे वेसेंही मारके डरसें पशूभी भागताहे अपणे शंतानकी रक्षा मनुष्यभी करताहे वेसेही पशुभी करतेहे मरणेपर मनुष्यभी पुत्रादिकके वियोगसें रोतेहे एसेंही पशुभी रोतेहें इत्यादिक अनेक प्रत्यक्ष प्रमाणसें मनुष्य जेसीही आत्मा पशुउंमेंहे अपणे २ कर्मोंके वश चोराशी लक्षयोनीमें जीव भटकताहे मरणा कोइभी नही चाहता सर्व मतोंमे वही धर्म श्रेष्ठहे की जिसमें सब जीवोंकी दयाहे देखो गीता अहिंसा

परमोधर्मः फेर कृष्ण द्वैपायन व्यासने अगारोंही पुराणोका एसा सार निकालकर कहाहे यत अष्टादशपुराणेषु व्यासस्यवचनद्वयं परोपकाराय पुण्याय पापायपरपीड्नं ॥ १ ॥ अर्थ–तो प्रग-टहीहे तुलसीदास नक्तिमार्गवालेने कहाहे ॥

दुहा–दयाधर्मकोमूलहे नरकमूलअनिमान॥
तुलसीदयानछोमियें जबलगघटमेंप्राण ॥१॥
तुलसीहायगरीबकी कनीननिरफलजाय ॥
मरे छागकेचामसें लोहनस्महोजाय ॥ २ ॥

मनुस्मृतिमेंनी आठ कसाइ लिखेहे जीवों-कों मारणेवाला बताणेवाला मांस लाणेवाला मांस वेचणेवाला मांस खरीदणेवाला रांधणेवाला पुरसणेवाला उंर खाणेवाला मांसका अर्थनी मनुने एसाही कीयाहे मांस अर्थात् जिसको में खाताहुं सो कहता वो जीव मुझें खायगा मांस खाणेवाला कठोर उंर क्रूर मिजाजवाला होजाताहे प्रतक्ष्य प्रमांणसें साबितहे मांस खाणेवाले जितने जांनवरहे सो सबोकों देखा जावे तो सबके सब वमे निर्घृण उंर कठोरहें वेसे घास उंर नाज फल फूल खानेवाले जांनवर दुष्टस्वनाववाले नही उंर बमे सीधे नोले होतेहे

एसाही मनुष्योंका अहवाल जांणना एसेंइ शेख सइयदनेभी फारसी भाषाकी करीमा किताबमें लिखाहे की ज्यांनके मारणेवालोकों खुदा गुनाह माफ नही करेगा इत्यादिक अनेक ग्रंथोसें साबितहे के मांस तो विगर ज्यांनवर मारे होता नही ओर मारणेवाला गुनहगारहे जो श्रुति स्मृती पुरान कुरानके वचन सचेहें तब तो जो हाल उन ग्रंथोमें लिखाहे सो जांनवर मारणेवालोकों मांस भक्षीयोकों गुनाहकी सजा मिलेहीगी ओर ये शास्त्र वगेरह नही मांनते ओर एसा कहतेहे इसभव मीठा परभव किण दीठा उन लोकोनें परभव मांननेका एक प्रत्यक्ष प्रमाण देखणा जो पापपुन्यका फल नहीहे तो अंधा लूला लंगडा कोढी निर्धन खाणेकूं न मिलणा इयतो किस कारणसेहे ओर राजा सेठ साहूकार ऐशआरामी वगेरह अनेक सुखी जीव किस कारणसें देखणेमें आते हे ये प्रतक्ष प्रमाणसें पापपुन्यका फल जांणकर अठारे पापस्थानक छोडनेका उद्यम करणा लाचारी ओर पराधीनतासें करणा बडे तोभी पापके कामकूं पापसमझणा येभी धर्मकी जडहे केइयक मूर्ख एसा कहतेहे जबसें राजालोकोने दया

धर्मधार लीया तबसें सत्रुउंसें संग्राम करणेकी शक्ति नही रहणेसें राज्य खो बेठतेहे ये कहणा मूर्ख मांसाहारीयोका हे राजा भरत ऋषभ देवके पूत्रसें लेकर विक्रमसंवत् बारेसे तक कुमारपाल सिद्धपुरपाटण प्रमुख अठारे देशके राजातक अनेक दयाधर्मी राजा असंख्यकालसें सूर्यवंसी चंद्रवंसी इस आर्यावर्त्तादि क्षेत्रोमें राज्य कर्ते भये थे शत्रुउंके दलके तोडणेवाले हुये परिशिष्टपर्वादिक ग्रंथोका इतिहास देखणेसें मालम होगा परम जैनदयाधर्मी चेटक राजा विशाला नगरीका शरणागत पिंजर बिरुद धारणेवाला जिसका नाती अशोकचंद्र इन दोनोके लडाइमे एक क्रोड अस्सीलाख मनुष्य मारे गये राज्यनीति जबही प्रमांणहे सो अपराधीका निग्रह निरपराधीकी रक्षा करे मांस नही खाणेसें राज्य जाता हे उर खाणेसें रहताहे ये वात झूट हे मुसलमीन दिल्लीके बादस्याह राज्य क्यों खो बेठे टीपू सूलतान आदि तो मांसाहारीही थे ये तो निश्चे जांणना पृथ्वी सदा कुमारीहे अनेक पति हुये अनेक होंयगें वीरभोज्या वसूंधरा इति वचनात् फेर एसाभीहे के एकसमय एसीभी आजातीहे सो मूरखी-

रोसें कुछवण, नही आता एकसमे कायरभी राजा वनबैठतेहे जेसें अकबरके वालपणेमे हेमचंद अग्रवाला वणिया बादस्याह दिल्लीका बनगयाथा ओर एकसमेका वो हालथा अर्जुननें महाभारत कीया एकसमे वोही अर्जुनसें कुछ नही बणपड्या ॥

दुहा–समेंबडीबलवानहे पुरषनहीबलवान ॥
कावांलूंटीगोपिका वहअर्जुनवहबाण ॥ १ ॥

हमारी समजसें तो राज्य जाणेका एसा वरतावा मालम देताहे राजा प्रमादी विषयलंपट होकर अन्यायसें धन जमा करे भिक्षा मांगणेवालोंसें कर लेवे दुष्ट ओर विद्यारहित मूर्खोंकों राजकाजका अधिकार सोंपें विद्यावान अकलवंत बुजरक पुरषोकी सल्लाह लेकर कांम नही करणेसें हर किसीका विश्वास करणेसें साम दाम दंड भेदसें च्यार प्रकारकी राजनीति नही जांणनेसें खजानेमें धन नहीं रहणेसें अपणे नोकरोंकी कदरदानी नहि करणेसें देव गुरु धर्मकी अपमांनता करणेसें गरीवोंकों सताणेसें वहोत मदिरा आदि नसेके पीणेसें इत्यादि कारण राज्य जाणेकेहें इत्यादि कारणोंकों विचारकर राजानें अपने अपराधी लड्केकूं

एसा हुकम दीया तूं इस राजरस्तेमें सोजा आप वो घोडा मंगाकर अपणे चाकरोंकों हुकम दीया तुम इस घोडेपर सवार होकर दोडाता हुवा इस लडकेके ऊपरसें लेजाउ रा जाका लडका विनयवानथा रस्तेमें सोगया लेकिन् नोकरोने एसा करणा मंजूर नही करा तब राजा घोडेपर आप असवार हुवा सर्व लोकोने बहोत मना कीया तोभी राजा उस गायका इनसाफ करणे घोडेकी वाग उठाइ घोडा उठा इतनेमें राज्यकी अधिष्टाइका देवी लगामपकड फूलोंकी वरसात राजापर करी उर कहा हे राजन् में तुह्मारी न्यायबुद्धिकी परीक्षा करी प्राणसेंभी प्यारा एसे लडकेकी खातरी नही करते हुये तेनें गरीबकी फरीयादी सुणके सच्चा न्याय कीया तूं धर्मराजा हे तूं वहोत कालतक निर्विघ्नपणे राज्यकर एसें न्यायकी युक्तिपर दृष्टांत कह्या अब जो राज्यके अधिकारी कामदार वो केसा होणा चाहिये जेसें अभ-यकुमार चाणाक्य प्रधानकी तरे महाबुद्धिशाली राजाका उर प्रजाका दोनोंका हित चाहणे-वाला एसा राज काज करे रूसपतखाके सच्चेकूं झूठा न करे जिस कांममें धर्मकूं विरोध नही

आवे कहाहे के फकत राजाके घरमें फायदा करणेवाला कामदार प्रजाका दुस्मन होताहे उर फकत प्रजाके घरमें फायदा करणेवाले मुत्सद्दीकूं राजा निकाल देताहे इसवास्ते दोनोकों फायदे-बंद प्रधान मिलणा मुसकिलहे वणिकप्रधान अ-थवा अश्वपतिकूं मंत्री पदमें स्थापन करणा कारण अश्वपति जातीवालोकूं राजन्यवंशता होणेसें सूरवीरता प्रमुख राज्यधर्म अभ्यासर्से तुरत आताहे कारण बीजकी तासीर उर सोबतका असर प्रायें रहताही हे दुसरे असपति लोकोमें वर्त्तमान समयमें प्रायें व्यापारी होणेसें व्यापा-रमें नफे नुकसानकूं पहलेहीसें विशेषकरके देश क्षेत्र काल भावका पूर्वापर विचारके कारण बमे विचक्षण होतेहे व्यवहारमें कोमीकाभी मुखा-यजा नही करतेहे किसी कविने कहाहे वाण्यो विणजन छोमसी जो स्वर्गापुर जाय लेखा करता रांमसें टका पेसा खाय १ इसवास्ते जिसकूं नफे नुकसानका ख-याल हो मृदुभाषी शत्रुउंसें सूरवीर संग्राम-सें नहिं हटनेवाला सर्वकला कुशल अभिमान-रहित राजाका भक्त प्रजारक्षक दया धर्म सर्वज्ञ वचनकी आस्तावाला राजाके अश्वपती जाती

वालाही मंत्री करणा ये सूरता तथा व्यवहारी शंक्षाशास्त्रकी निपुणता ओर अन्य लोकोमें प्रायें थोमे मिलेंगें वणिक जातिकी इतनी चपलता हम मरुधर गुर्जर कच्छ पंजाबादि देशवालोकी देखीहे एक हिसाब अंग्रेजी पढे पुरुषकों करणा वतलावे वोही हिसाब एक पारसी पढेकूं करणा वतलावे ओर वोही हिसाब माहाराष्ट्र बंगालादि देशवालोंकों करणा वतलावे वही उक्त वणिक तथा अश्वपतिसें करणा एक वख-तही वतलावे तो सबसें पहिले अश्वपतादिक महेश्वरी अग्रवाल कहेगा कुछ देरसें अंग्रेजी-वाला कहेगा वाद महाराष्ट्र बंगाल कहेगा सबके पीछेनी केवल फारसी पढा कहेगा शंका होय तो पातवाण देखें वणिक तथा अश्वपतादिकके साथही असि १ मसी २ कृषी ३ कर्म संसारमें चलताहे व्यापारी वगेर अन्य वर्णका निर्वाह ओर संसारधर्म चलणा डुसवारहे व्यापारीतो ओर वर्णके सारे प्रायें नही रह सक्तेहे वाकी तो अपणे २ कर्मकर्त्ता नही होवे तो प्रलयका-लकी मर्यादा हो जातीहे जैनशास्त्रसें मुख्यप-णेकर च्यार संज्ञा करके प्रजाकी स्थिती वांधी हे राज्यकाजके दंम्पासकोका उग्रकुल संज्ञाहे ?

संसारी गृहस्थियोके षोडस संस्कार करी गृहस्थी गुरूकी भोग कुलसंज्ञाहे २ राज्यकर्त्ता-के परवारवालोकों राजन्य कुल संज्ञाहे ३ शेष सर्व प्रजा व्यवहार शिल्प कर्मादिकर्त्ताउंकों क्षत्रिय संज्ञाहे ४ इन च्यारोंही वर्ण व्यवस्थासें वर्जित सर्व मोह कंचनकामनीके त्यागी भिक्षा भोजी वो जती साधू इन च्यारोही वर्णवालो-का संसारसे उद्धार करणेवाला गुरूहे वणिक व्यापारी लोकोकों चाहीये अच्छा शुद्ध व्यापार करणा जिससें धर्मकूं विरोध नही आसके इस बातपर श्राद्धविधीमें एसी गाथा लिखीहे ॥ गाथा ॥ ववहारसुद्धिदेसाइ विरुद्धचाय उ-चियचरणेंहिं तोकुणइ अत्थचिंतं निव्वाहिंतो निअं धम्मं ॥ अर्थ–याने गृहस्थ श्रावक धन पैदा करणेसंबंधी विचार करे उसमें तीन वात-पर जरूर ध्यान रखना चाहीये एक तो धन वगेरह जमा करणेका साधन जो व्यवहार उसकी निर्दोषता रखणी रुजगार करते वखत मन वचन काया सीधा रखणा कपट नही क-रणा जिस देसमे रहता होय उस देसमें मांने हुये लोकविरुद्ध कृत्य नही करणा तीसरे उचित कृत्य जरूर करणा इन तीन वातोंका विस्तार

हम आगे करेंगे इन तीन वातोंकों दिलमें रखता हुवा धनकी चिंता करणी चोथी ये वात हे अपने जो पहले अंगीकार कीयाहे व्रत नियम सो लोभके वस उनकी खंमना न करणी भूलकेभी हरकत नही लगणे देणा संसारमें एसी चीज थोमी होगी सो धनसें न मिल सकती होय इसवास्ते बुद्धिवान पुरुषोनें सब तरेके यतनके साथ धन जमा करणा धन चिंता करणेका हुकम आगम देता नही कारण मनुष्य-मात्रोंके अनादि कालकी परिग्रह संज्ञासें अपने कर्मोंके प्रेरणासें जीव करताहे केवली कथित आगम एसे सावद्य व्यापारमें जीवोंकी प्रवृत्ति किसवास्ते करवावे पूर्वपरचित अनादि संज्ञासें करते हुयेकूं धर्ममें बाधा नही आवे एसी आज्ञा जिनागम देताहे लोक जितना लाखों उद्यमों सें रातदिन संसारी काम साधताहे उसके लाखमें हिस्से जो उद्यम धर्ममें करे तो तोक्या मिलणा बाकी रहे मनुष्यकी आजीविका १ व्यापार २ विद्या ३ खेती ४ गाय बकरा वगेरे पशुउंका पालणा ५ कलाकोशल ६ सेवा ७ उंर भिक्षा ये सात उपायसें होतीहे उसमें वणिक लोक व्यापारसें वैद्य ज्योतषी व्याक-

रणी वेदपाठी प्रमुख अपणी विद्यासें आजी-
विका करतेहें जाट कुणबी प्रमुख खेतीसें गो-
वाल धनगर राईके राठलोक गाय वगेरेके रक्ष-
णसें चितारे सुनार सुथारकूं आदि लेकर व-
होत लोक अपनी कारीगरीसें नोकर चाकर
वगेरह सेवासें उंर निक्षारी लोक निक्षासें
अपणी २ आजीविका करतेहें उसमें घी तेल
धांन कपास सूत कपमा तांबा पीतल वगेरह
धातू मोती जवाराहित रुपीया पेसा मोहर
वगेरह किरियाणेके नेदसें अनेक तरेके व्या-
पारहे तीनसे साठ नेद किरियाणेकेहे उंर
अंग्रेजी राज्यकी चीजोंनी व्यापारमें अनेक
किस्महे इसीवास्ते श्राद्धविधीकी टीकामें लिखा
हे पेटेके नेद गिणना चाहे तब तो व्यापारकी
संक्षाका पार नही आताहे व्याजवट्टानी व्या-
पारमेंही गिणा जाताहे ओषध रस रसायण
चूर्ण अंजन वास्तु शकुन निमित्त सामुद्रिक
धर्म अर्थ काम ज्योतिष तर्क प्रमुख नेदसें ना-
नाप्रकारकी विद्याउंहे इनोंमे एक तो वैद्यक
विद्या उंर अतार पसारीपणा ये दोय रुजगार
बुरा ध्यांन होणेके कारण विशेष गुणकारी पणेके
नही कोइ धनवान बेमार पमे अथवा एसानी

दुसरे प्रसंगमें पसारीकूं वैद्यकूं बहोत लाभ उर मान मिलताहे सोही बात वैद्यकमेंभी लिखताहे–रोगकाले पिता वैद्य–अर्थात् बेमारी होणेपर वैद्यबापसेंभी ज्यादा मालम देताहे रोगीका मित्र कोण वैद्य राजाका मित्र कोण हांजीहां हजूर सच्च फरमातेहे एसा कहणेवाले संसारके दुखसें भरे हुयेका मित्र कोण मुनिराज उर धन खोबेठे हुये आदमीका मित्र कोण ज्योतषी व्यापारमे व्यापार गांधी याने पसारीकाही सरसहे कारण टकेमें खरीदी हुई चीज वखत पडनेपर सोटकेमें वेचताहे वैद्यकूं पसारीकूं लाभ उर मांन बहोत मिलताहे इसवास्ते एसा कारण पाया जाताहे जिसकूं जिस रुजगारमें ज्यादे लाभ मिलताहे तो वो जीव वेसा कारण हमेसां चाहताहे सोही बात नीतीमें लिखीहे योद्धार सिपाही रणसंग्रामकी चाह रखताहे वैद्य धनवानके बिमारीके आरामीकी चाह रखताहे ब्राह्मणलोक अपणे जजमानकी मरणेकी चाह रखताहे ॥

दुहा–भोजगपूछेव्याहविरतकूं नाइपूछेसूत ॥
जैनमुनिसुखशांतापूछे ब्राह्मणपूछेमुंत ॥ १ ॥

मनमे धन जमाका जोनि केवल इच्छावाला

वैद्य धनवानकी मांदगी चाहतेहे जिनोंके पास
उंर कोइन्नी इल्म कला धन पेदा करणेकें नही
हें निकेवल वैद्यपणेकीही आजिविका जाणतेहें
उन वैद्योकी एसी बुद्धि प्रायें रहतीहे केइएक
जरे हकीम रोगोंकी वृद्धि धन लेणेकेवास्ते कर
देतेहें एसे कुकर्मकर्त्ता वैद्योकें दया दिलमें कब
होसकतीहे केइयक वैद्य निकेवल स्वार्थीयेही
होतेहे सो स्वाणेकोन्नी मोहताज साधर्मी अ-
नाथ मरणेवाला एसोंकान्नी धन लेलेतेहें जो
वैद्य मदिरा प्रमुख अन्नक्ष चीज मिली हुई द-
बाई खिला देतेहें अनेक जीवोकों दवाइके
काममें लेणेंकों मारणेवाला द्वारिका नगरीका
प्रथम धन्वंतरकी तरे नरकका पात्र होताहे
जिसके कर्त्तव्यका वयान विपाकमूत्रमेंहें एसी
वैद्यक्रिया नही करणे योग्य हे अब अठे धर्मार्थी
वैद्यके लक्षण एसें होतेहें गुरुलक्ष आर्य वैद्यक
शास्त्रका जांणकार उचित लोन्न करणेवाला
रोगीका कष्ट देखके दिलमे दया लाणेवाला
सुपात्रोकी विशेष परिचर्या करणेवाला जेसें
ऋषन्न देवका जीव जीवानंद वैद्यके न्नवमें कोढी
साधूका कोढ मिटाया एसा तेसेंही खर वैद्य
महावीर स्वामीकी कानकी शलाका निकालणे-

वाबा वैद्य पुन्यक्षेत्रकी बंदगी करणेसें ब्रह्मदेव लोक गया हिंसक ठग चोर परस्त्रीवैस्यागामी लोंभेबाज दगाबाज एसें अदम्योकों अच्छा करणेसें वो पापी जो पाप करताहे उसका हिस्सा वैद्यकूं मिलताहे पुन्यवंतका पुन्यका मिलताहे लेकिन् हमारी समजसें तो हम एसा जांणतेहे इस वैद्यकी आजीविकाकूं धिग् रहे कारण–
धिगवैद्यस्यवैद्यत्वं परदुःखेनदुःखितः ॥ जीवितो भाग्य योगेने मृतोवैद्येनमारितः ॥१॥ धिक्कार हो वैद्यकी आजीविकाकूं सो पराये दुखसें दुखीहे जीवे तब तो कहतेहे हमारी ऊमर लंबीथी मरणेसें लोक कहतेहें इय वैद्य दवा देताथा सो मार दीया १ ओर फेर एसाभीहे ॥ रोगकालेपितावैद्य मध्यकालेचमित्रवत् ॥ स्नानकालेभवेत् शत्रु वैद्यस्यत्रिविधागतिः ॥ १ ॥ रोग जिस वखत रोगीकूं शताताहे उसवखत वैद्य बापसेंभी ज्यादे मालम देताहे ओर फायदा होणेके वीचमें मित्रकी तरे स्नान रोगके अंतमे करणेके वखत वैद्य दुस्मन मालम देताहे वैद्यका तीन हालहे लेकिन् धन्वंतरि जेसे अंग्रेजी डाकटरोका यह हाल नही प्रथमतो इनोका राज्याधिकार होणेसें सबसें ज्यादे खातरी हुकमत

करतेहे दुसरे मासिक पगार राज्यसें मिलताहे
ऊषधी बणाणी नही पमती पैसाभी रईसका
लगताहे जो बुलावे फी देवे देसी वैद्योंको तो
मूर्ख लोग बदनामीभी देदेतेहे माकतरोके सां-
मने चूं नही करते वैद्यक क्रियाके संपूर्ण शास्त्र-
का जांणकार होय सो वैद्य संसारमें उत्तम
गिणा जाताहे सोही लिखाहे ॥ व्याधेः तत्व
परिज्ञानं वेदनायाश्चनिग्रह ॥ एतद्वैद्यस्यवैद्यत्वं
नवैद्यप्रभुरायुषः ॥ १ ॥ रोगकूं जाणणा उस
रोगकूं मिटाणेवाली ऊषधीका देणा वैद्यपणेकी
इतनीही खूबीहे लेकिन् वैद्य आयु देणे समर्थ
नही रोगी जबही आराम होताहे जब च्या-
रोंही पायें पूरेही मिलतेहे जेसें रोगकी परि-
क्षाकारक वैद्य वेसीही दवाई जो कभी पुराणी
दवा चाहीये ऊर नई मिले नई चाहीये ऊर
पुराणी मिले अथवा बणाणेमें कसर रहजावे
तो दवा अमृतरूपभी जहिर होजाती हे तीसरा
रोगीका परचारक निगेंदास्तीवाला पूरा चा-
हिये कहे मुजब हिफाजत रखे चोथा रोगी
वैद्यके कहे मुजब दवा लेवे ऊर पथ्य करे तभी
दुरस्त होजाताहे इन च्यारोंमेंसें एकमेंभी क-
सर होगी तो आरामी नही होगी असाध्य जब

जाणा जावे तो उपचार वैद्यकूं करणा अंगीकार-
ही न करणा कदास रोगीके स्वजन बहोत आ-
ग्रह करे तब असाध्य दशा कहणेवाला दवा
देवे तो वैद्यकूं दोष नही रोग तीन तरेसे हो-
ताहे पूर्वकृत पापके उदयसें वो दवाइसें मिट-
नेवाला नही उसका इलाज ध्यांन जप पुन्य
सुपात्रकी भक्ति प्रमुख धर्महे १ दुसरें माबापके जो
रोग होताहे सो संतानके होताहै अथवा कुष्ट आं-
ख दुखणा खाज सीतला वोदरी सुजाक फिरं-
गादिक संसर्गी होताहे इसवास्ते नलशली संस-
र्गज कहलाताहे २ इसका इलाज संसर्गजकाहे
नलशली मिटणा मुसकिलहे ३ तीसरा कायक
तथा मानसक रोगहे मिथ्या आहार मिथ्या
विहारसे वात पित्त कफादिकसें होणेवाले तेसे
काम शोक भयसे होणेवाले जिसमें साध्यका
इलाज सहज हे कष्ट साध्यका इलाज दुखें हो-
ताहे असाध्य रोग त्याज्यहे देश क्षेत्र काल
अवस्था उंर अग्निबलकूं विचारे फेर अधर्मकूं
नही प्राप्त होणेवाला इलाज करे ज्योतप निम-
त्तादिक शास्त्रसें आजीविका करणेवाले पुरषकूं
यथार्थ फलही कहणा चाहीये जो फलित शा-
स्त्रमें लिखा होवे नास्तिकादिकोने अपणे क-

लिपत शास्त्रोंमें फलादेश ग्रहोका नही मानाहे अनेक कुयुक्तियां लगाकर फला देशकी नास्तिता सिद्ध करीहे हमने प्रत्यक्ष प्रमांणसें केइयक ज्योतषी देखेहे सो विगर प्रश्न कीये उन आये पुरषकी मनचिंता बात कहतेहे हेड्रावादमें पंच पक्षीका पढाहुवा ज्योतषी अन्नीविद्यमांनहे इस विद्याका पठन पाठन कम होणेसें ज्योतषीयोकी बात कममिलतीहे ये दोष शास्त्रोका नही पढा हुवा होवे तो सत्य कहणा मिलताहे सूर्यप्रज्ञप्ती चंद्रप्रज्ञप्ती ज्योतिष करंमादिक गणित शास्त्रहे नद्रबाहुसंहिता चूमामणि प्रमुख फलादेशके शास्त्रहे नगवान महावीर सर्वज्ञ कहतेहे हे गौतम ग्रहादिकोके शुन्न अशुन्न फल जो में कहताहूं वो मनुष्योके पूर्वकृत पापपुन्यके फल मनुष्योके जांणनेवास्ते इन ग्रहोके निमत्तसें प्रकास करताहुं शुन्नाशुन्न फल ग्रहोका नही किंतु स्वकृत कर्मोंकाहे निमित्तके आठ अंगहे दिव्य १ उत्पात २ अंतरिक्ष ३ स्वर ४ शकुन ५ स्वप्न ६ सामुद्रिकादिक न्नेद करके इन सबोंके होणेमें पांच समवाय कारणहे निमित्त कहो चाहे आदिकारण कहो सोही अनेकार्थमें लिखाहे ॥ निमित्तहेत्वायतन

प्रत्ययोत्थानकारणौ निदानमाहूपर्य्यायै प्राग्रूपं- येनलक्ष्यते ॥ १ ॥ निमित्त १ हेतु २ आयतन ३ प्रत्यय ४ उत्थान ५ कारण ६ निदान ७ ये सब पर्यायवाचक नांमहे जिसकरके होनेवाले अहवाल पहले मालम होवे उस निमित्तके इतने नांम एकार्थका कहणेवालाहे इन ग्रहोकी क्रूर दशा जब आवे तब अशुभ कर्मका उदय आया एसा समझके अठारे दोसरहित तीर्थं- करकी भक्ति पूजा सुसाधूकी सेवा शील व्रत तप शुभभावनायुक्त जप करे जेसा भद्रबाहू स्वामीने नवग्रह शांतिस्तोत्रमें लिखाहे उनके वर्ण जेसाही अनाथ दीन दुःखीयोकों दान करे ग्रहोके आम्नतीये वणके जो पोरषभी भिक्षा- की ठगाइ करे उनोंसें सावचेत रहे उरभी जो संसारी कार्य साधनके अनेक शास्त्रहे उसकूं सुणता उर पढता हुवा हंश जेसी तत्वबुद्धि हेय ज्ञेयपणा करे उपादेयतो सर्वथा प्रकारे आप्तका वचनरूप शास्त्रहे सोही करे नंदी सू- त्रमें लिखाहे मिथ्याश्रुत सम्यक दृष्टि वांचे तो सम्यक शास्त्र होके परिणमे उर सम्यक शास्त्र मिथ्या दृष्टी वांचे तो ॥ मिथ्यात्वमंडपरणमें यदुक्तं नीतौ ॥ उपदेशोहिमूर्खाणां प्रकोपायन

शांतये ॥ पयपानभुजंगानां केवलंविषवर्द्धनं ॥१॥ मूर्खकूं उपदेशनिश्चे करके क्रोधकेवास्ते होय शांतिकेवास्ते नही जेसें अमृतरूप दूध सांपकूं पिलाणेसे निकेवल जहरकूंहीवधावे एसा जाणना जेनोक्त शास्त्र आचार्योंके रचे सब तरेके मोजुदहे वणे जहांतक उनकाही परिचय करे तो मिथ्यात्व नही वधे सब पुरषोकी बुद्धि हंस जेसी नही जेसे कहाहे ॥ कुसंगासंगदोषेण काष्टघंटा विटंबना ॥ अगर सम्यकतत्व जिसकूं पहली प्राप्त होगयाहे एसोकी बुद्धि कुसंगसें अस्तव्यस्त नही होती हे जेसे कहाहे ॥ हीयोहोवेहाथ कुशंगीकेतामिलो चंदनभुजंगासाथ कालोना होयकिसनीया ॥ १ ॥ सुसाधू पंडित चतुरों की संगतही श्रेष्ट हे ॥ कहानहोयसत्संगसे देखोतिलउरतेल जातिवर्णसबमिटगयो पायो नाम फुलेल ॥ १ ॥ अब खेती तीन तरेकी होती हे एक तो बरसाद के जलसें होणेवाली दूसरी कूवा नदी तलाव वगेरोंके जलसें तीसरी दोनोके जलसें होणेवाली गाय भेंस ऊंठ घोडा बकरी बलद हाथी वगेरे जानवरोंके पालणेंसें जो आजीविकाकरणी सो पशुरक्षा वृत्ति कहलातीहे वो जानवर बहोत

तरेके होतेहे खेती अर पशुरक्षा वृत्तिसें आजी-
विका करणा विवेकी पुरुषोंके लायक नही
कहाहे हाथीयोंके दांतोंमें घोमोंके खुरोंमें राज्य
लक्ष्मीहे बलदोंके खंधोंपर खेमूतोकी लक्ष्मीहे
तरवारकी धारपर सुभटोकी लक्ष्मीहे सज्जे अर
शिणगारे हुये स्तनोंपर वैश्यायोंकी लक्ष्मी रहती
हे कदास कोइ उसरी आजिविका नही होय
अर खेतीही करणी पमे तो वोणेका समय
बराबर ध्यानमें रखणा तेसेंही पशुरक्षा वृत्ति
करणी पमे तो मनमें बहोत दया रखणी कहाहे
जो करषणी बीज वोणेका समय जमीनका नाग
विचार किसमें केसा पाक आवे एसा विचार
जाणे रस्तेके ऊपर खेत होय सो गेरू देवे
तब लान होताहे धनके वास्ते जो पशुरक्षण
करता होय तो दयाके परिणाम गेमणा नही
खसी करणा नाक बींधना आप जाग्रतपणे
करके अविच्छेद वर्जना अब शिल्पकला सो
जातकीहे कुंनार मुतार लुहार चित्रकार अर
वस्त्रकार इन कारीगरोके एकेक पेटेके वीस २
नेद गिणणेसें सो होतेहे अर न्यारे २ कारी-
गरोकी गिणतीसें शिल्पके अनेक नेदहे आचा-
र्यके उपदेशसें होणेवाली शिल्प कहलातीहे

मुख्य पांच शिल्प ऋषभ देवके हुकमसें चलता आयाहे आचार्यके उपदेश विगर लोक परंपरासे चलता आया खेती व्यापार सो कर्म कहलाता हे खेती व्यापार पशुरक्षावृत्ति कर्ममे गिणे गये बाकी सब कर्मादिक शिल्पमें आजातेहें पुरषोंकी स्त्रियोंकी कलाउं कितनी एक तो विद्यामें कितनी एक शिल्पमें आजातीहे कर्मोका सामान्यसें चार प्रकारहे बुद्धिसें काम करणेवाले उत्तम हाथसें काम करणेवाले मध्यम पगसे करणेवाले अधम उर सिरसें बोझा उठाके काम करणेवाले अधमसें अधम जाणना बुद्धिसें काम करणेवाले पर दृष्टांत लिखतेहें चंपा नगरीमें मदननांमे धनसेठका लडकाथा उसने बुद्धिवान आदमीसें पांचसों रुपे देकर एक बुद्धिली दोजणे लडते होय वहां खडा रहणा नही जब मित्रोने ये वात सुणी तो मस्करी करणे लगे बापनेभी उलंभा दीया तब मदन पीछा रुपे लेणेकूं शिक्षा पीछी देणेकूं गया तब बुद्धिवानने कहा तूं जो एसा कबूल करे जहां दोजणे लडते होय वहां खडा रहूंगा तो रुपे पीछा देदेताहूं उसने कबूल करी रुपे पीछे दिये एकदिन रस्तेमें दो सिपाइ आपसमे लडतेथे मदन वहां खडा रहा आ-

खिर उन दोनोनें मदनकूं गवाह वनाया उर कहा जो मेरी गवाइ नही भरेगा तो तेरी खबर लूंगा दोनोंनें एकांतमे धमकाया मदनने बापसें कही इतनेमें तो दोनोंने फरियादकी पोलिसके अंदर मदनकूं गवा लिखाया बापने देखा छोकरेकूं ये दुष्ट मार नाखेंगें घबराकर उसही बुद्धिवानके पास गये उसने कहा लाख रुपे लूंगा बचादूंगा तब सचहे मरता क्या नही करता तब वेसाही दिया उस बुद्धिवानने उसकों सिखाया तूं पागलपणा पहलेहीसे करणे लगजा एसेंही कीया करणेंसें बचगया एसाही हाल इस वखतमें बडे २ अंग्रेजी पढे हुये वाल्स्टरोका देखणे उर सुणणेसे आताहे इसकों बुद्धिका कमाणा कहतेहे इसवजे बुद्धिवानीके मुजे अनेक दृष्टांत यादहे लिखनेसें ग्रंथ वढजायगा ज्यादे देखणा होय तो अभयकुमार रोहिक वगेरोके चरित्रसें जाणना जिसमें मति ज्ञानसंबंधी च्यार बुद्धि होतीहे सो उत्पातकी १ वैनेयकी २ काम्मणकी ३ पारिणामकी ४ वो अदमी वखत पडनेपर प्रत्युत्पन्न मति होताहे आगूंके तो नालिक वचन एसें सुणनेंमें आतेहे अग्रिम बुद्धिवणिकजन पिछल बुद्धिविप्र सदा

सुबुद्धिसे बमा तुरतबुद्धि तुर्क १ लेकिन् कोइ अपेक्षा आछी कोइ इनोंमे किसी क्षेत्रमें होवे तो ताजबनही इस वखत तो बुद्धि उर उद्यम उर संप उर लक्ष्मी साहस उर धैर्य्य उर शौर्य सर्व आछी अंग्रेजोकी जितनी तारीफ करें जितनीही थोमीहे एसाहे तन्नी तो नारतके तीन खंमके बादस्याह वणे हुये विजय मंका बजा रहेहें अगले जमानेकें इतिहास वांचणेसें खूब निश्चय मालम देताहे इस आर्यावर्त्तवालोमें ये सब बातें पाये जातीथी अगर फेरन्नी विद्याका पठन पाठनकी वृद्धि होजाय तो ऊपर लिखी सब बात होणी मुसकिल नही अंगरेजोने जोजो काम हासिल कीयाहे सो विद्याबुद्धिके उद्यमसेही पायाहे पारलामिन्ट सन्ना जो आज विद्यमांनमे इंगलिस देशमे लंदन राजधानीमेंहे ये बात नइ नहीहे राजा श्रेणकके राजगृही नगरीमेंन्नी पांचसे प्रधानोकी कौशलसन्ना जिसमें मुख्य मंत्री राजाका पुत्र नंदानामकी वैस्य जातकी राणीका अंगजात च्यारोंही बुद्धिका धरणेवाला अन्नय कुमारथा व्यापार तेसें शिल्पवाले लोक हाथसें कमाणेवाले जांणना हलकारे चपरासी कासीद वगेरह पगोंसे कमा-

पेत्राले जांणना बोज उठानेवाले वगेरे लोक सिरसे कमाके खातेहे अब नोकरीनी च्यार तरेकी होतीहे १ राजाकी २ राजोंके अमलदार लोकोंकी ३ श्रेष्ठ साहुकारोंकी ४ चोथे सब जातिवालोंकी राजाकी नोकरी रातदिनपर वसता जोगणी पमणेके कारण हरकिसीसे बण आणी मुसकिलहे सोही वतलातेहे अगर नोकर बोले नही तब तो गुंगा कहलाताहे जो खुल्ला जवाब देता हुवा बोलेतो बकवादी कहलावे जो नजीक बेठा रहे तो धीठा कहलाताहे जो दूर बेठा रहे तो बुद्धिहीन कहलाताहे मालक कहे सो सब सहन करे तो कायर कहलाताहे जो नही सहे तो कमजात कहलाताहे इसवास्ते योगी लोकनी जिसकूं नही जाणसके एसा सेवाधर्म परम गहनहे जो अपनी वढोतरीके वास्ते सिर नीचे झुकावे अपणी आजीविका-वास्ते प्राणनी देणे तइयार होय सुखकेवास्ते दुखी होय एसे नोकरी करणेवाले आदमी जेसा कोण मूर्ख होगा पराइ नोकरी करणी सो श्वानवृत्ति जेसीहे एसा केइयक लोक कहतेहे लेकिन हम तो जाणतेहे कुत्तेकी वृत्तिसेंनी नोकरी बुरी कुत्ता तो पूंछसें खुसामंद करताहे

गुण विगर नोकर नपूंसक जांणना राजाप्रसन्न होय तो चाकरकूं मांन उंर बमाइ देताहे लेकिन चाकर तो राजाकेवास्ते अपणा प्राणभी देदेतेहे नोकरोकूं एसा विचार करणा चाहीये मनुष्य एसा चतुर उंर साहसीक होताहे सो सांप सिंघ हाथी एसे २ जांनवरोंकूं वसकर लेताहे तो राजाकूं वस करणा क्या बमी बातहे अक्लवंतोकों मालक केवांये तरफ बेठणा मालकके मूंके तरफ देखणा हाथ जोमणा मालककी तासीरकों पहचानकर काम करणा नोकरोंकों याद रखणा चाहीयेकी दरबारकी सभामें वहोत नजीक नही बेठे बहोत दूरभी न बेठे मालकके बराबर आसन नही बेठे ज्यों उंचाभी नही बेठे तेसे आगे बहोत नजीक तेसेंही पिछामीभी नही बेठे नजीक बहोत बेठे तो मालककूं बुरा लगे दूर बहोत बेठे तो बुद्धिहीन बजे अगामी नजीक बहोत बेठे तो दुसरेकूं बुरा लगे उंर पिछामी बेठे तो मालककी नजर नही पमे इसवास्ते हमने लिखा उस वजे बेठणा मालक अपना थका होय भूख प्याससें पीमित होय क्रोधमें होय कोइ कांममे रुका हुवा होय उस वखत कोइ अरज दुसरी करणी होय तो

नहि करे उसीमोकेकी बात होय उर नही अरज करणेसें आगे विगाम होणेका कांम होय तब बहोत आजीजीसाथ बात वाकब कर देवे जेसें गुमानसिंहवेद प्रधान सुगनकुवर पारवती-जी पमदायतकी लमकीका देहांत होणेसें वी-कानेरके नृपति राठोम सिरदारसिंहजी जब दसराहेकी सवारी तथा भोजन कीया नही तब वमे शोकातुरोंकों हेतुयुक्तियोसें समझाकर राज्यकार्य करवाया पीछे राजा साहिबनें उस प्रधानकी बहोत तारीफ करी अगर मुझें नही समझाता तो उर राजपूतोमें मेरी लघुताइ मालम पमती के वीकानेर महाराज पमदाय-तकी संतानवास्ते दसराहा नही कीया कारण रामचंद्रकी दिग्विजय लोकीकमें दसराहेकी मांनतेहे तबहीसे राजालोक दसराहा करणा सरू कराहे राजालोक इस दिनकूं वमा मंग-लीक गिणतेहे इसीतरे अपणे मालककूं सम-झणा चाहीये इसीतरे राजाकी माता पाटराणी कुमर मुख्य मंत्री राजाका गुरु उर द्वारपाल इनोके संगभी राजाकी तरेही वर्त्तावा रखणा जेसे कोइ अक्कलहीण एसा विचारे इस अंगा-रकूं मेने सिलगाइहे अथवा मेंही लायाहुं सो

मुझे ये बालेगी नही एसा समझके अग्निसे आ संगतपणा करे तो क्या अग्नि बालेविना छोडे तेसेंही विचारे मेनें इनको हिकमतसें राजदिलायाहे एसा समझके जो राजाकी अवज्ञा हुकम अदूली करेगा अंगली राजाके लगावेगा तो राजा विगर सजा दीये नही रहता इसवास्ते जेसें वो प्रसन्न रहे रूठे नही एसा चलणा किसी अदमीको राजा वहोत मानता होय तो दिलमें गर्व नही करणा कारण वहोत अहंकार विनासकर देताहे इसपर एसा दृष्टांतहे दिल्लीके बादशाहका बडा वजीर मनमें एसा समझणे लगाके ये रासत मेरेही आधारसें चलतीहे ये गर्वकी वात उस वजीरनें किसी उमरावके सामने करी वो वात बादशाहतक पहुची बादशाहनें उसकी वजीरायत उतारकर एक मोचीके सुप्रतकरदी वो सही करणेकी जगे लोहकी वींधणी जो मोचीयोंके जूते सीनेकी होतीहे उसकी करता मतलब राजा जिधर नजर करे उससेही काम लेकर उसकूं वधा देताहे केयोकों वधाया उर वधातेहे राजाके प्रसन्न होणेसें एश्वर्य वधना कोण बडी बातहे सांगेका खेत दरियाव अपने कुटंबका

भरण पोषण जीवोंकी प्रतिपालणा उर राजाकी महरवानी इतनी चीजें तुरत दरिद्र दूर कर देतीहै विक्रम संवत उगणीससें चोदेकी गदरमें जिनोंने बडे २ अंग्रेजोंकी ज्यान बचाइ वो अभी दलद्र त्यागके बडे २ ऋद्धिवंत विद्यमानहै सुखकी चाह करणेवाले एसे अभिमानी लोक राजा वगेरोकी नोकरीकी बेलासक निंदा करो लेकिन् राजाकी नोकरी विगर स्वजनका उद्धार उर शत्रुउंका संहार होताही नही कुमारपाल राजा भागाथा तब वो सिर ब्राह्मणने सहाय दीयाथा जब वखत पाके पीछा राजा हुवा तब उसी वखत उस ब्राह्मणकूं लाट देशका राजा वनायाथा जित शत्रु राजाका पोलिया एक वखत राजाके सांपका उपद्रव दूर कराथा उस राजाके लडका नहीथा अंतमें उस देवराज द्वारपालकूं राज्य देकर राजाने जैन दीक्षा लेकर सिद्धिपदपाया मंत्रवी नगरसेठ सेनापती वगेरोका सब काम राजाकी नोकरीमें समा जाताहै मंत्री प्रधान वजीर प्रमुखका कांम व- होत पापमईहै उर फजभी कमवाहै वणे जहां- तक श्रावककूं वर्जना चाहीये कह्याहै जिस अदमीके जो अधिकार सुमत कीया जावे उ-

समें वो चोरी कऱ्याविगर रहे नही जेसे प्रभु-
दान जोसीकूं जोधपूरके राजा मानसिंगजीने
कहा एसा कोइ आदमी ला सो काम सुप्रत करे
लेकिन् खावे नही तब अरज करी कललाऊंगा
डुसरेदिन सोनेकी म्बीयांमें सालगराम नांमका
गंम्की नदीका पत्थर मालके लेगया राजाने
कहा प्रभुदांन वो अदमी लाया या नही प्रभुदांन
बोला हाजरहे आप एकांतमे पधारें एकांतमे
लेजाके सालगराम दिखलाया राजा बोला ये
क्याहे प्रभुदांननें अरज करी गरीब परवर कल
आपने फरमायाथा खावे नही एसा कामेती-
लाणा तब मैंने वहोत तलास कीया सो पेट
सबके नजर आया जेर पेट होगा सो खाये
विगर रहेगा नही आखिरको सालगरामजी
एसे मालम दीये सो इनके सामने जो कुछ
धरा जावे कुछभी खावे नही आपके हुकम
मुजब हाजर कीया इस दृष्टांतसें एसा पाया
जाताहे सो अपणे १ कसबके सब चोरहे न्या-
यवंततो हक्क खाताहे वे हक्क नही खाताहे
हक्क खाणेसें बरकतभी वहोतहे इसवास्ते हक्क
खाणेवालाही श्रेष्ठहे लेकिन् डुनियांमें आज-
कल जूठका रुजगार फेल गया सच्च बोलणे-

वालोंके फाके पड़तेहे इसपर कबीरजुलाहेका दृष्टांतहे जेसें कबीर जुलाहा प्रायें विवहारीक झुठ कम बोलताथा पगड़ीवणाके बाजारमेवेचणेगया असलीदांम पांचरुपेकहे सबदिन फिरा किसीने तीन किसीनेसाढेतीन च्यारसें आगे नहीवढा पूंजीमेंभी घाटा पड़े जांण वेचा नही जब मकानपर आया कबीर संग्रह नही रखताथा लाता तो खाता पूंजी काय मरखताथा दूसरे दिन उस पूंजीकाही सूतलाके वेजावणता रातकूं भूखा रहा तब किसी पड़ोसणीने ये बात जांणके शिक्षादी उर कहा कबीर तेंने एनमोल क्यों बताया सात रुपे कहनेसें दुनियांमें नफेके संग पघड़ी विक जाती कबीर दुसरे दिन वेसाही कीया तब वोही पघड़ी छव रुपेमें दुसरे दिन विकगइ तब कबीरने घर आके एक दुहा कहा॥

दुहा—साचेजगपतियायनही झुठेजगपतीयाय॥
पांचरुपेकीपाघड़ी छवरुपयेविकजाय ॥१॥

इस वजेका झुठ वरतावा हमारे देसवालोंनें अपणी पत गमाणे उर ये भव उर परभव विगाड़नेकों कर रखवाहे सच्चा बोलणेका विवहार सवसें उत्तम उर वरकत करताहे इस भवसें पेल परभवमें गुनाहसें बचाणा वाले मदद

दिल्ली लखणेउ आगरा कासी जेपुर आदिके व्यापारी एक रुपेकी चीजके बूटतेही दसरुपे कहतेहें लेणेवाला कहांतक घटायगा क्या ये गुप्त पुन्य नहीहे सिरप दिलराजी करतेहे इहां वरकत नही आगूं फल खोटेहे झुठहो चाहे सचहो लेकिन् अंगरेज व्यापारीयोंकी ये सत्यता वर्मीही जारीहे सो अपणे हाफस तथा सापोंमें जिस चीजका जितना दांम कहतेहे उतनाही लेतेहे चाहेवालक जावे चाहे वृद्ध हमारे देशके व्यापारीयोकों ये अक्कल कब आवेगी श्रावककूं चाहीये सर्वथा प्रकारे राजकाज नही छोडसके तो कोटवालीका उहदा जेल अप्सरता सीमापालपणा महापापका कारण समझके निर्दई आदमीसें वणे एसाहे वंणे जहांतक इनोमें त्यागका प्रयत्न करे कारण ऊपर लिखेये हुदेदार पटेल चोधरी किसी आदमीकूं सुख कमही देता होगा अपराधीकूं सजा देणा तो राजाका धर्महे लेकिन् इन लोकोके सपाटेमें वाजे निरापराधी सुपात्रोंकीभी दुर्दसा होजातीहे जब वो कसूरदार नही होवे तब तो सजा देणेवाला केसा पापी ठहरताहे हमने कइवार सुपात्र उंर बेकसूरदारोकी

दुर्दसा देखीहे कसूरदार जिसका नाम लेवे वो निरापराधीभी इन ये हुदेदारोंके हाथ सजा-पातेहें इसवास्ते दयावंतको एसे कामोंसें वंच-णा चाहीये राजकाजके सबयहुदे ज्यादे करके फिकरकी जग्हे जो कभी राज्यका अधिकारी श्रावक होय तो जेसें वस्तपाल तेजपाल विमलमंत्री प्रथ्वीधरकी तरें दुनियामें अच्छी कीर्त्ति होय एसे काम चलाणा अभी जैपुर राज्याधिपती सवाई रामसिंगजीके सांमने वीकानेरका गोलछा माणकचंद अश्वपतिने जेसी धर्मकर्म ओर नियम निभाया साधर्मीयोको आजीविका सर लगाया इतना राज्यकार्यके कारण थोमा वखत मिलणेपरभी जिन पूजा पमावस्यक कीये विगर अन्न जल नही लेताथा जो आदमी पापमइ राज्यका-जकी हुकमत पाकर सुकृत नही संचतेहे तो वो अदमी क्या लेजायगें क्योंकी राजाकी महर-वानी नित्य वणी रहेगी एसा जाणकर किसीसे वैर विरोध करणा नही राजा अपणेकूं कोइ काम करणा सोंपे तो राजाके पास ऊपराऊ-परी मनुष्य मांगणा चाहीये वणे जहांतक स-म्यग् द्दष्टी राजा श्रावकहीकी नोकरी करणी

दृष्टियुग्मंप्रसन्नम् वदनकमलमंकः कामिनीसंग-
शून्यं करयुगमपधत्ते शस्त्रसंबंधवंध त्वमसिजग-
तदेवो वीतरागस्त्वमेव ॥ १ ॥ ऐसा कहकर
यतनके साथ निर्जीव जमीनपर शुद्ध जलसें स्ना-
नकर केशर चंदन कर्पूर कस्तूरी घसकर चोपमत
वस्त्रसें मुख उर नाककी वाफ बंधकर सुदर्शन
तिलककरके उत्तरासण धारकर पूजा विधीसें
पूजा करणेलगा तब उाने हलकारे जो खबर
निवेशीयोकूं राजा इस वातकी खबर लेणे भे-
जेथे उनोनें सब अहवाल हजूरमें मालम करदी
जब पीछामीसें मंत्री द्रव्य पूजा विधीसे करचू-
का तब भावस्तवमें एसें स्तुति करी ॥ त्वाम-
व्ययंविभुमचिंत्यमसंख्यमाद्यंब्रह्माणमीश्वरमनंतम
नंगकेतुं योगीश्वरंविदितयोगमनेकमेकं ज्ञानस्व-
रूपममलंप्रवदंतिसंतः ॥ १ ॥ बुद्धस्त्वमेवविबुधा-
र्चितबुद्धिबोधात् त्वंशंकरोसिभुवनत्रयशंकरत्वात्
धातासिधीरशिवमार्गविधेर्विधानात् व्यक्तंत्वमे-
वभगवन्पुरुषोत्तमोसि ॥ २ ॥ आवस्सही पाठ
कहकर मंदिरसे निकलकर राजाके पास पहुंचा
राजाने पूछा क्या तुम देवपूजा कर आये
मंत्री बोला जी हजूर राजानें पूछा कोनसे
देवकी पूजा करी हमने तो सुणी के नंगे

देवकी मंत्री पूजा कर रहा हे तब मंत्री बोला हजूर आपने कल हुकम दीयाथा देवकी पूजा कल तुम कर के आना सो हजूर जिसमें देव पनेके लक्षण मिले वहांही पूजा करी कुदेवो का नाम लेकर आपने कहा नही था तब राजा बोला तुम किस २ जगे गये क्या क्या कीया देव कुदेव क्या बात हे सो बतलावो जब मंत्री बोला स्वामी नंगा वो कहलाता हे जो की आपके स्कंदपुराणमें लिखा हे जो देव नाम धरा के ऋषीयोकी स्त्रीयोकूं देख कर काम के वस अंधा होकर नग्न होकर नाचणे लगा तब तापस लोक एसी कुचेष्टा देखकर क्रोधमें आकर श्राप दिया अरे पापिष्ट तेरा लिंग टूट पडे तब लिंग कट कर गिर पडा उस लिंगकूं जगमे स्थापन कीया हुवा निर्बुद्धि लोक केइयक गलेमें पहना करते हे केइयक पूजते हे इस्से ज्यादा नंगाफेरकोन होगा सो साक्षात्कार उघाडा नग उर लिंग कटा हुवा पूजते हे स्वामी एसी कामकुचेष्टा कारक कों कोण बुद्धि वान देव तारन कह सकता हे हे स्वामी मेनें तो जिसवीतरागकी पूजा करी सो जिसके कोइतरेका कामकुचेष्टा अथवा नग्न पनेका

दृष्टियुग्मंप्रसन्नम् वदनकमलमंकः कामि
शून्यं करयुगमपधत्ते शस्त्रसंबंधवंध
तद्देवो वीतरागस्त्वमेव ॥ १ ॥ एसा
यतनके साथ निर्जीव जमीनपर शुद्ध ज
नकर केशर चंदन कर्पूर कस्तूरी घसकर
वस्त्रसें मुख उंर नाककी वाफ बंधकर
तिलककरके उत्तरासण धारकर पू
पूजा करणेलगा तब छाने हलकारे
निवेशीयोकूं राजा इस वातकी खबर
जेथे उनोनें सब अहवाल हजूरमें
जब पीछमीसें मंत्री द्रव्य पूजा विध
का तब भावस्तवमें एसें स्तुति करी
व्ययंविभुमचिंत्यमसंख्यमाद्यंब्रह्माणम
नंगकेतुं योगीश्वरंविदि
रूपममलंप्रवदंतिसंतः ॥ १ ॥
र्चितबुद्धिबोधात् त्वंशंकरो
धातासिधीरशिवमार्गविधेर्विधानात्
व्यनगवन्पुरुषोत्तमोसि ॥ २ ॥
कहकर मंदिरसे निकलकर राजाके
राजाने पूछा क्या तुम देवपूजा
मंत्री बोला जी हजूर राजानें
देवकी पूजा करी हमने तो

नीतिमें लिखाहे भलाआदमी वोहीहे जोपरा यापरदा ढके इसवास्ते हेराजेंद्र पूजनीकपुरष होके एसी कुचेष्टा कर्मोंके वसकरनेलगजावे तव मेनें परदा ढकदीया पहरा इसवास्तेविठ लाया सो डर कोइ भूलके चलाजावेगा तो इनोकी लज्या जावेगी उहांसे देवीकेगृहमें गया तो उहां एसादेखनेमें आया वोचंभी किसी अदमीका खूनकीयाथा सो उसकामस्तक खून झरता हुवा हाथमें लेरखवाथा इसवास्ते स्मृती योंमेंलिखाहेकी खूनीको गिरफ्तारकरना फेरएसा हालदेखनेमेंआया एकआदमीकूं नीचापटक रक्खाथा उसआदमीका लिंग उसदेवीके भगमें लगाररखवाथा उसलिंगकी जोरसे देवीकी जीभ वाहिर निकलपडीथी सब हाथोमें नंगे शस्त्र लेर-खाहे चाणक्य नीतिशास्त्रमें लिखाहेकी ॥श्लोक॥ नदीनां च नखीनां च शृंगीणां शस्त्रपाणिनां विश्वासो नैवकर्त्तव्य स्त्रीषु राजकुलेषु च ॥ १ ॥ इसवास्ते क्याभरोसा खुनीका डरभी किसीकूं मारनाले इसवास्ते राज्यनीतिके कायदेके माफक केदकर नंगीतलवारका पहरा लगवादिया अव हजूरके दिलमें आवे सोकरे मेंतो कायदेकी कारवाइ करणेवालाहूं उहांसे आगे गजाननके

गृहमें गया तों हाथी बेठा देखा मेने विचारा इनोंके लायक पूजा चरणेकेवास्ते सांठोकी कम बसे ज्यादे क्याभेटधरुं कारण लोकीककहना वटभीहे के देवजेसीही पूजा. लेकिन एक बमीही ताजबकीबाततो येदेखी के इतनामोटाहाथी जिसकेचढणेको चूहा येविचारा केसेंउठासकता होगा कोइकहेगाकी येचूहाभी बलवानथा तो क्या विनायकसेंभी ज्यादे बलवानथा या कम कारण प्रत्यक्षमें देखतेहे मनुष्यकूं उठानेवाले जानवर मनुष्यसें बलवानहोतेहें जब गजानन से बलवानथा तबतो उंदरसेंभी निर्बल गजानन ठहरा दूसरे हेराजेंद्र आपनें कभीगणेशपुरा णभी सुना होगा जिसमें विनायककी उत्पत्ति इसतरेसें लिखीहे पार्वती उमा एकदिन पीठी करके अंगकामैलऊतारकर एकमैलका पुतलाबना कर उसमें ज्यांन मालदी जबवो हाथजोमकहने लगा हे माता क्या हुकमहे तबपार्वतीबोली में स्नानकरतीहूं तूं पहारादे किसीकूं अंदरमतआनें देना पार्वती नग्नहोके स्नानकरनेलगी इतनेमें भांगधतूरा मद्यमें मस्त एसा महेश्वरआया उस- विनायकनें उसकूं रोका तब दोनोके आप समे युद्ध हुवा तब रुद्रने त्रिशूलसें उसका सिर काट

भाला और अंदर चलागया पार्वती लज्जितहोकर वस्त्रसे अंग ढककर क्रोधमें आके त्रटककर बोली तुम एसें अचानक एकाएक केसें आगये मेंनें पहरा बिठलायाथा उसके रहते आप केसें आये महेश्वर बोला में उसकूं मार आया सुणतें ही पार्वती हाय २ कर रोणे लगी और रुद्रकूं कहा तूं मुजे मुं मत दिखला तब लाचार रुद्र हाथ जोमके बहोत अरजी ओर आजीजीसें कहणे लगा हे सुंदरी तेरा वियोग दुःखसे में महादुःखित तेरे दासके तरफ जरा कृपाकटाक्ष-कर जो अज्ञानपणेसें अपराध हुवा सो माफ कर मेंने नही जाणा के ये तेरा पुत्रहे एसा कहकर पार्वतीकूं प्रसन्न करणेकूं नाचणे लगा तब भवानी बोली मेरे पुत्रकों जीता कर नही तो तेरेसें मेरे कांम नही तब महादेव तीन लोक ढूंढ लीया लेकिन उसके सिरका पता नही मिला तब देवीके कहणेसें किसी हाथीका कटा हुवा मस्तक लगाकर जीता कीया इति गणेशोत्पत्ति । खेर हे राजेंद्र दुक जरासी बातपर उक्त देवोंके चरित्रसें आप तो बुद्धिवांनहे क्या अद्भुत कहा-नी पूजनीक गणेश और महेश्वरकीहे लगा नाजब एक और सुणो जब पार्वतीका विवाह

पहली हुवा तब गणेशकी पूजा करीथी ये वात सिवपुराणमें लिखीहे ये गणेश कोणसा था जो कभी ये कहोगे वो आदि गणेस दुसराहे तो फिर एसें मैलके पूतलेकों दुनिया क्या समझके पूजतीहे जो महादेवके विवाहमें पूजा गया वो केसी सिकलवाला था उर उस गणेशका चरित्र केसाहे आप जांणतेहें कभी सुणाहे राजाने कहा नही खेर फेरमें रुद्रके गृहमें गया तब तो मुजें एसा आश्चर्य हुवा हजुरने मुजें पूजापेका सामांन दीयाहे सो विना गलेविना पुष्पकी माला कहां पहराउं नासिका विना सुगंध द्रव्य धूपादिक कहां उखेवुं कांन विगर गीतादिक स्तुति किसकूं सुणाउं विना पांव नमस्कार किसकूं करुं इसवास्ते हे राजेंद्र इसतरेसें देवके लक्षण विहीन कहणे मात्र देवाभास तब मेनें आप्त मीमांसासें ईश्वरकूं पहचाणकर पूजा करके हजूरका हुक्म बजाकर ताबेदारीमें हाजर हुवा राजा उसी दिनसें धर्मकी खोजमें लगा थोमेसें. दिनोंमें दृढ सम्यक्त व्रतधारी श्रावक होगया कारण बुद्धिवान उर परीक्षावंतोको असली तत्व तुरत हासिल होताहे श्रावक प्रधान चंद्रदत्त जेसा होणा सो स्वामीके हुकममें चलता

हुवा धर्मकी प्राप्ति राजाकूं करदी इसी तरे जो कभी अपणा निर्वाह किसी सम्यक् दृष्टिवंत समकितीके घर थोमेमें होता दीखे तो वणे जहांतक धर्ममें हरजाणा पोहचाणेवाला मिथ्या त्वीकी नोकरी नहि करे अब भिक्षासें आजी-विका किसतरे जीव करतेहें सो कहतेहें भिक्षा मांगणा गृहस्थीकूं किसीभी तरे योग्य नही लेकिन् आफत् काल वहोत बुरा होताहे सोही कबीरके लमकेने कहाहे ॥ भूखसें कामनी काम तज देतहे भूखसें पुरष तज देत नारी भूखसें व्याव ठर यज्ञ रहजातहे भूखसे रहे कन्याकु-मारी भूखसें पुरषका तेज घटजातहे भूखसे दंभीकी बुद्धहारी कहतकबीर कमालका वालका वेदवेदांगसे भूख न्यारी ॥ १ ॥ इसवास्ते इसके वस लाचारीसें भीख मांगणी किसी कारणसे पमनी हे प्रथम तो इस कांमकूं श्रावक आदरेही नही ये भिक्षा सोना धातु वगेरह अनाज वस्त्र इत्यादिक चीजोकी अनेक तरेकीहे वो भिक्षुक तीन तरेकेहें उसमें सर्वसंग परिग्रहके त्यागी मुनिराजकी जो भिक्षाहे सो धर्मकेवास्ते काया रक्षणार्थहे आहार १ वस्त्र २ काष्टपात्र ३ उप-धी ४ आदि भिक्षा उचितहे मुनिराजकूं ये भि-

क्षा कल्पलतासमान संसार समुद्रसें तारणे-
वालीहे इस भिक्षुककूं देव ओर नरेंद्रभी नम-
स्कार करतेहें वाकी सब तरेकी भिक्षा लघुता
उत्पन्न करणेवालीहे सोही बतलातेहे ॥ श्लोक ॥
देहीतिवाक्यं वचनेषुनिष्टं नास्तीतिवाक्यं ततः
कनिष्टं ॥ गृहाणवाक्यं वचनेषुराजा नेच्छामि
वाक्यं राजाधिराजः ॥ १ ॥ दे एसी जुबान
बहौ हलकीहे लेकिन् नही एसी जुबानसें कहणा
उससेंभी हलकाहे लीजीये एसा जो कहणाहे
सो राजा वचनहे नही चाहीये एसा जो क-
हणाहे सो राजाधिराज वचनहे १ जहांतक
संसारी मनुष्य दो एसा कहे नही उहांतक
रूप लज्या गुण ओर सत्यता कुलवंतपणा ओर
मान रहा हुवाहे दुसरी चीजोसें तृण हलकाहे
रुई उस तृणसेंभी हलकीहे लेकिन् याचक तो
रुईसेंभी हलकाहे तब किसीनें शंका करी के
रुईसेंभी हलकाहे तो याचककूं हवा क्यों नही
उडा लेजाती तब कहते हेमित्र पवनके दिलमें
इसवास्ते शंका पेदा भई के जोमें इसकूं ले
जाऊंगा तो स्यात् मेरे पाससेही कुछ मांगन
बेठे ओर शास्त्रोमें एसाभी लिखाहे बहोत दि-
नोतक विदेश रहणेवाला नित्त पराया अन्न

खाणेवाला नित्त परघर सोणेवाला इन तीनोंका जीवतव्य वृथाहे मांगके खाणेवाले आदमीमें इतने अवगुण प्राप्त हो जातेहे याने बेफिकर हीया शून्य बहुत खाणेवाला आलसु उर बहोत निद्रालू तेसेंइ भिक्षावृत्तिवालेके प्राये तो धन होताइ नही जो कदास कुछ होजाय तो वो भिक्षुक उस द्रव्यका उपभोग नही ले सकता न भिक्षाके धनसें बरकतहे विद्यमानकालमें भिक्षासें द्रव्यपात्र श्रीमाल ब्राह्मन दृष्टिमें केइयक आतेहे लेकिन् ये लोक सब जन्म अपणा मांगणेसेही गमातेहें सांझतक जीमणाके नोहतेकी वाट देखा करतेहे कभी भाग्ययोग निहुंता नही आवे तो ब्राह्मणी नवन्यामतबणाके पुरसें तो कहताहे आजे तो अमे विष खाधूं छे एकदिन एक श्रीमालीब्राह्मण उर ब्राह्मणी आनंद प्रमोदमें वाते २ करते २ ब्राह्मणी पूछणे लगी जोतमे नगरीना राजा थइ जाउ तो सूं सूं करो ब्राह्मन बोला अमे राजा थइ जइये तो नूंतरो जमी २ ने वलि जमीये परंतु तमे नानानी मा राजानी राणी थइ जाउ तो सूं सूं करो ब्राह्मणी बोली अमे राजानी राणी थइ जइये तो गोबर थापी २ने बलि थापीये एसाही

हाल हमारे विद्यमान समयमें हुवा हे सो लिखतेहे जोधपुराधीस तखतसिंहजीके पास हरकरण नाजर जातिका श्रीमाल ब्राह्मणथा बहोत राजाके माननीय था उसने चाहाकी मेरे भायोंकी इज्जत वधाऊं हजूरसें अरज करणेपर राजा साहिबने उसके भाईकूं बुलाके सिरपाव देकर हुकम दीया जालोरगढकी हाकमीका फुरमांण पत्र लिख दीया जावे लिखदीया नीचे गढसें उतरकर जब फुरमांण पढा तब तो वभा-ही उदास होकर पीछाही हजूरमें गया ओर हाथ जोड़ कहणेलगा आहजूरे सूं कीधूं अमा-रो मांन तेसूं राख्यूं हजूर बोले क्या हुवा ब्रा-ह्मण बोला गजबनीवात अमारो पेटीयो या फुरमांणमें केम नही लख्यो राजा वगेरे सब सभासद हसणे लगे हरकरणकूं राजा साहबने कहा तेरा भाइ निर्भाग्यहे तब अश्वपती दिवान विजेसिंघजी बोले गरीबपरवर सिंहणीका दूध जोमुलककी हाकमीये राज्यपदस्थ कोइ अश्वपति राजन्यवंसी सांभणेका पात्र होताहे ये भिक्षुक भिक्षा सिवाय इसवातकूं क्या जाणे तब हजूरने च्यार पेटीये सरू करवा दिये इस दृष्टांतकूं देखके समझ लेणाकी निकेवल पोरपघ्नी भिक्षा

मांगणेवालोंकी बुद्धि केसी होतीहे श्रीहरिभद्रा-
चार्य पांचमें अष्टकमें तीन प्रकारकी भिक्षा लि-
खीहे सर्व शंपत्करी १ पौरषघ्नी २ और वृत्ति-
भिक्षा ३ इसतरे तीन प्रकारकी भिक्षा लिखीहे
गुरुकी आज्ञामें रहे हुयें धर्म ध्यांन वगेरे शुभ
आचरणमें प्रवृत्तमांन याने जावज्जीव सर्व आरंभसें
निवृत्ती प्राप्त हुये एसे यती साधूकी भिक्षा सर्व
शंपत्करी कहलातीहे १ अब दुसरी पोरषघ्नी
भिक्षा कहलातीहे सो ज्ञांन और व्रत शुभक्रि-
यारहित नांममात्र जती जिनोके पास शुद्ध
जतीवेषभी नही धर्मकूं कलंक लगे एसी चाल
चलणेवाले जो श्रावकका कोईभी कांम साधने
लायक नही ऐसों पुरषोकी भिक्षा पुरषार्थकूं
नाश करणेवाली पौरषघ्नी कहलातीहे इनके भेद
औरभी एसेंइ खटदर्शनी दस नांमके सामी
ढूंढी गुसांइ योगी कबीरी दादू नानकके उदासी
निर्मले गरीबदासी रूखड़ सूखड़ अनेक कि-
स्मके भेषधारी सतज्ञांन और क्रिया करकेहीन
विषयलंपट गांजा चिलम चड़स फूंकणेवाले
व्यर्थ घूमणेवाले धूणीमें लाखों जीवोका घम-
साण करके तपसी वजणेवाले जो लष्ट पुष्टपणों
भीख मांगके खातेहे वोभी पौरषघ्नी भिक्षा कह-

खातीहै नामके परमहंस परिव्राजकाचार्य व
वाले ओर परमहंसके एकभी लक्षण जिनोंमें
रसोइकराके खाणेवाले खुमताल लगे अंग्रे
बूंट पहिरणेवाले चूट्टा बीभी मद्यादिके पीणे
द्रव्य रखणेवाले अनार्य देसकी आबहवामा
खांनपांन करते हुये उपदेश देते हुये व
वागाडंबरके जालमें सरल जीवोकों सत्य स
तन धर्मसें भ्रष्ट करणेवाले ओर फसाणेवाले
दाकराके द्रव्यग्रंथी संचणेवाले एसे मिथ्या
जो धर्माचार्य नांमधराके जो भिक्षा मांगतेहै
पौरषघ्नी भिक्षाहै ब्रह्मकर्म वर्जित कारटीयोंकी
मरे मुरदेकूं पोहचेगा एसी ठगवाजी धोरे
एसा दांन लेणेवाले गृहोके आप्तीये इश्व
आप्तीये बणाकर अणपढ भोले लोकोंके भूल
लमें फसाके मुखसें अठारे वर्णोके हम राज
एसें लष्टपुष्ट होकर भीख मांगे सो पुरुष
नासिनी भिक्षाहै इसतरे इन पौरषघ्नी भिक्षाव
ने इतने फायदे मांगणेमें देखाहै माथों मुंडा
सात गुण भांगी सिरकी खाज वहिन वे
ठोभी कांचली हासल ठोम्यारात १ पहि
तो ऋण सिरपर रहता अब लेतेहै ब्याज पहि
अह्द गधोमे गिणते अब राम २ महाराज २

दुहा—रूजगारकरेतोटोटालागे गांठखायतोवीते॥
राघोचेतनयोंकहे मांगखायसोजीते ॥ १ ॥
कालकुसम्मेनांमरे वांभणवकरीऊंठ ॥
वो मांगेसबजातने वेचरजावेढूंठ ॥ २ ॥
जती २ क्या नांमगुण मतीनसोचेकोय ॥
पांचो इंद्रीवसकरे सच्चाजतीसोहोय ॥३॥
सच्चाजतीसोहोय विषयरतपामेपटीया ॥
करेपांनसिणगार रखेभोगणकूंलटियां॥४॥
कहेरामऋद्धिसार ज्ञांनविनविगमीमत्ती ॥
खायहरामीमाल नहीवेसच्चाजती ॥ ५ ॥

जंगम अरू योगी सरस रस भोगी सन्यासी समाजीवण लोकनकूं ठगेहे सिरकूं मुंम्वाय मारे किसीकोनकाजसारे पेट निजभरणकाज द्वार २ भगेहे भस्मी केइयक धरे मट्टीकेइतिलककरे जूठेकदाग्रही मिथ्यामत लगेहे ऋद्धिसारत्यागधार सुद्धजतीगुरुसंभार एसे भेखजगतमे कुमतिपंथजगेहे ॥ १ ॥

इसवास्ते जो जो मूर्ख साधूनांम धराके साधूपणाकी क्रिया करके रहित शरीरमें पुष्ट होकर दीन होकर भीख मांग पेट भरतेहे उनोका पुरषार्थ नासकूं प्राप्त होजाताहे उन एसें भेखधारीयोंकों चाहीये सो अपणे कुलकूं लंछन

नही लगे एसी लिखत पठत निमित्तादिक कला कौशलतांइसे अपणा निर्वाह गृहस्थके स्वारथ पोहचाके करे दरिद्री अंधा पांगला जो किसीभी तरे धंधा करणे समर्थ नही एसे जो लोक अपणे गुजरान करणेकूं भीख मांगतेहे वो वृत्तीभिक्षा कहलातीहे वृत्ति भिक्षामें बहोत दोष नहीहे कारण वो मंगत दरिद्री लोक धर्मकी हलकाई नही पैदा करतेहे मनमें दया लाकर लोक उनोकों भिक्षा देतेहे इसवास्ते धर्मी श्रावक मांगे नही भिक्षा मांगणेवाला गृहस्थ कितनाभी धर्मानुष्ठान करे लेकिन् जेसें दुर्जनसें दोस्ती करणेसें लोकीकमें अवज्ञा उर निंदा होतीहे एसा समजणा उर जो जीव धर्मकी निंदा कराणेवाला होय उसकूं सम्यक्तपाणाभी मुसकिल होताहे उघनिर्युक्ती सूत्रमें साधुउंकों लिखाहे सर्व छकायके जीवोंपर दया रखणेवाला साधूभी अगर आहार नीहार करते तथा गउचरी करते भिक्षा लेते जो जराभी धर्मकी निंदा पैदा करे तो उसकूं वोध बीजकी प्राप्ति होणी मुसकिल होय नी[illegible] तीका एसा कहणाहे विवहार नयसें के भिक्ष[illegible] मांगणेसें कोइकूं लक्ष्मी तथा सुख होणा मालूम नही पडता ॥ श्लोक ॥ व्यापारेवर्द्धतेलक्ष्मी

हजार गुण अधिक माताहे जांनवर जहांतक दूध पीणा होय उहांतकही मां मांनतेहे अधम पुरष जहांतक स्त्री नहि मिले उहांतकही मा मानतेहे मध्यम पुरष घरका कामकाज उस माताके हाथसें चलता होय उहांतकही माकूं मांनतेहे उंर उत्तम पुरष तो यावज्जीव मांनतेहे जांनवरोकी माता पूत्रकूं जीता देखके संतोष पातीहे मध्यम पुरषोकी माता पूत्रकी कमाईसें सुखी होतीहे उत्तम पुरषोंकी माता पूत्रका सूरवीरपणाका काम देखके खुस होतीहे उंर धर्मात्मा पुरषोंकी माता पूत्रका उत्तम आचरणसें खुस होतीहे २ अब भाइ संबंधी उचिताचरण कहतेहे अपणे सगेभाईकूं अपणी मांफक जाणना छोटे भाईकूं बडे भाईमाफक गिणना क्योंके बडा भाइ बाप बराबर होताहे जेसें श्रीरामचंद्रजीकूं लक्ष्मण खुस रखताथा तेसेंइ शोक माका अथवा सगीमाके भायोंके संग वर्त्तावा रखणा भायोकी मरजीमाफक चलाणा भायोंकी स्त्री पूत्र वगेरे लोकोंनेभी उचित आचरण ध्यांनमें रखणा जुदा भाव नही दिखावे मनका अभिप्राय कहे पूछे उनोकूं व्यापारमें लगावे भायोंसें थोडाभी धन व्यापारमें

छूपाके रखे नही जिसकरके ठगोसें ठगावे नही मनमें दगा रखके धन नही छिपावे लेकिन् संकटमें काम आवे इसवास्ते कोइ वखत काम आवेगा एसा समझके छिपाके रखणेमें कुछ दोष नही २ अगर खराब संगतसें अपणा भाइ धीठ होय तो उसकों उसका दोस्त होय जिस्सें समझावे आप एकांतमें समझावे अथ-वा दुसरेके मिषसें समझावे काका मामा सु-सरा साला वगेरे लोकोंसें सीखामण दिरावे आप ज्यादा तिरस्कार भाईका करे नही क्योंके कदास बेसरम होकर मर्यादा न छोडदेवे हृद-यमें प्रीति होय तोभी बहारसें उसकूं अपणा स्वरूप क्रोधी जेसा देखावे उर जब वो भाइ विनयवान होजावे तब उसके संग पूरे प्रेमसें बात करे इत्यादिक उपरके लिखे मुजब उपाय करणेसेंभी जब सुधरे नहि तो इसका स्वभा-वही एसाहे एसा तत्वविचारकर उसकी उपेक्षा करे ३ भाईकी स्त्री पूत्र वगेरोके देणे लेणेमें समान दृष्टि रखणी अपणे स्त्री पूत्रकी तरे आ-दर रखकर भरण पोषण करणा उर सोकेल-माके भाईके स्त्री पूत्र वगेरोका मांन पांन उप-चार अपणे स्त्री पूत्रसेंभी ज्यादे रखणा कारण

उन लोकोंकें थोमीसी बातमें दिलमें फरक आताहे उंर लोकोंमें अपकीर्ति होतीहे इसीतरे उंर लोकोंसेंनी उचिताचरण जिसके जेसा योग्य होय वेसा ध्यांनमें रखणा जेसेंके पेदा करणेवाला १ पालणेवाला २ विद्याका सिखा-णेवाला ३ अन्न वस्त्र देणेवाला ४ उंर अपणे जीवकूं बचाणेवाला ५ ये पांच पिता कहला-तेहे राजाकी स्त्री १ गुरुकी स्त्री २ सासू ३ उंर जन्मदेणेवाली ४ उंर धाय माता ५ ये पांच माता कहलातीहे सगा नाई १ संगमे पढणे-वाला २ मित्र ३ मांदगीमें बंदगी करणेवाला ४ उंर रस्तेमें बातचीत करणेसें हुवा सो मित्र ५ ये पांच नाइ कहलातेहे नाइयोकों चाहीयें सो एक एककूं अच्छी तरेसें धर्म करणी याद कराणा चाहीये जो पुरष प्रमादरूप अग्निसें सिलगे हुये शंशाररूप घरमें मोहरूप नींदमेंसें सूतेंकूं जगावे वो उसका परम बंधु क्हाताहे नायोंकी आपसमें प्रीतिपर नरतका दूत आणेसें ऋषन्न देवके अठाणवे पूत्र नगवानकूं पूछणेगये उनोका दृष्टांत जांणना इसतरे नाईका उचिताचरण जांणना ३ अब नार्याके संग उचिताचरण लि-खतेहे मनुष्यकूं चहीये सो स्त्रीका अच्छीतरे

लाज रखताहुवा प्रेमवचनसें बतलावे अपणे काममें उसकी उमंग वधावे क्योंके पतिका प्रीतिवचन यही एक संजीवनी विद्याहे उसकरके सर्व प्रीति सजीव होतीहे मोंकेपर प्रीतिवचन कहणेमें आवे तो देणेंसेंभी वखतपर ज्यादे दोस्ती पैदा होतीहे क्योंके मीठे वचन जेसा वशीकरण नही कला कौशल जेसा दुसरा धन नही दया जेसा धर्म नही संतोष जेसा सुख नहीं अपणी स्त्रीके हाथसें स्नान करणा पगचंपी करवाणी इत्यादिक अपणी काय सेवामें प्रवर्त्तावे देस काल अपणा कुटुंब धन वगेरेका विचार करके उसके योग्य एसें वस्त्र गहणा वगेरे करवावे तथा नाटक मेला यात्रा विष्णुमंदिरोका रात्री जागरण वगेरोमें जातां अटकावे क्योंके स्त्रीयोंके बिगडणेके इतने ठिकाणेहे ॥

दुहा—केमिलापनदीतीरपर केहरिमंदिरहोय ॥
केविवाहकेजागरेंस केयात्राकीसोय ॥ १ ॥

प्राये करके इण ठिकाणेसें दुराचारी स्त्रीपुरषोका समागम होताहे अपणी शरीरकी टहल बंदकी कराणेसें उरतका अपणेपर विश्वास रहताहे प्रेम वढताहे इण बंदगीकें कराणेसें कोइ वखतभी वो पतिके उपरांठी नही चलतीहे उर

तका अच्छा वस्त्र अच्छा गहना वगैरेहे सो घरकी शोभा और लक्ष्मीकूं वधातीहे क्योंके लक्ष्मी मंगलीक कांम करणेसें वढतीहे और चतुराईसें जन्ममूलरूप थिर होकर रहतीहे और इंद्रीजीतणेसे वसमें रहसकतीहे नाटक और कांमदेव पेदा करणेवाले चित्र तथा गायन सुणणेसें प्रायें औरतें व्यभिचारणीयां होजातीहे जेसें वरसातकी हवासे अच्छे एनेकी आव विगमतीहे एसें औरतें विगमतीहे रातकूं औरतकूं बहार राजरस्तेमें अथवा किसीके घर नजाणे देवे कुटनी स्त्री वगेरे कुशीलकी संगत नही करणे देवे देणालेणा सगासंबंधीयोका आदर सत्कार करणा रसोइका कांम करणा इत्यादिक घरके कांम जरूर करके उनके हवाले करे अपणेसे अलग एकेली नही रहणे देवे मुनिराजकी तरे कुलवंती औरतोंकों वाहिर फिरणा वाजब नही कोइ धर्मसंवंधी कांमकेवास्ते भेजणी होय तो मा वहिन वगेरे सूशील स्त्रीउंके संगमें जाणेका हुकम देणा औरतोके घरके काम इस तरेकेहे विछोना वगेरे विछाना समेटणा झाडू देकर मकान साफ करणा पाणी छाणणा चूला वरतण वगेरे साफ करणा अनाज साफ

करणा चुणना फटकाणा कूटणा पीसणा वस्त्र सीणा कसीदा निकालणा कलाबतू कनारी गोटे वगेरोके गोखरू अलमास चंपा लमी नामा कसणा बणाणा गहाणा पोणा गाय दूहणी दही जमाणा विलोणा करणा भोजन पाक वगेरे सब तरेकी तयारी बणाणी जिसकूं जेसा लायक एसा पुरसारा करणा भाग्यवानकी स्त्री-यां अगर आप नही करे तो नोकरणी दासी अथवा सूर्पकारादिकसें निगें दास्तीसें करवाणा अपणे लायक होय सो आप करणा सासू सुसरा भर्त्तार नणद जेठ देवर वगेरेका विनय साचवणा इस वजेसें अनेक किसम कुलबहूउं-का कृत्य जांणना जो घरका पति इनकामोमें स्त्रीयोकों नहि लगावे तो उरतें हमेसां उदा-स रहतीहे उर स्त्रीके उदास रहणेसें घरका काम बिगमताहे डुसरे उरतका स्वभाव चपल होताहे सों निकम्मी रहणेसें विगमतीहे स्त्रीकूं देखणेसें वातचीत करणेसें उसके गुणकी तारी-फ करणेसें उसके मनमानी चीजोके देणेसें उर मनमुजब चलणेसें पुरपके ऊपर मजबुत प्रेम जमताहे एसा श्री उमास्वातिवाचक प्रशमरति ग्रंथमे लिखतेहे पुरपोंकूं चाहीये सो पिसाचका

आख्यान सुणके कुलस्त्रीका रक्षण करणा ओर अपणी आत्मासंयमके योगसें हमेसां उद्यममें रखणा स्त्रीकूं अपणेसें दूर नहि रखणा स्त्रीकी सार शंभाल नहि लेणेसें बहोत निगेदास्ती करणेंसें जब आपसमें सामल होय तब नहि बोलणेसें अहंकारसें ओर अपमांनसें इन पांच कारणोसें प्रेम घटताहे पुरष हमेसां मुसाफरी करता रहे तो स्त्रीका मन उस ऊपरसें उतर जाताहे विभचारणीभी होजातीहे स्त्रीकूं क्रोधमें आकर एसा विनाकारण कभी नहि कहणाके में तेरेपर दूसरी परणूंगा कोइ कसूर स्त्रीनें कीया होय तो एकांतमे एसी हितशिक्षा देवें सो फेर एसा कांम नही करे बहोत गुस्सेंमें भरगइ होय तो उसकूं समझावे धनका फायदा हुवा होय या नुकसान हुवा होय तो स्त्रीके सांमने बात नहि करणी तेसेंइ घरकी गुप्त मसलत उसके सांमने नहि कहे दोय ओरतवाले पुरषकूं चैन नही रातदिन लमाइमें वीतताहे बभी आपदाका कारणहे राजा या बभा भाग्यवानोके दो स्त्री फेरभी निभसक्तीहे एक स्त्रीका पतीका प्रेम रामचंद्र जेसा होताहे बहोत स्त्रीयोंका पतीका प्रेम कृष्ण जेसा होताहे

कोइ कारण योगसें दो स्त्री परणे तो दोनोंके पूत्रोंपर सम दृष्टि रखे उनोंमेंसें किसीका बारा खंभित नही करणा जो स्त्री अपणी शोकका बारा खंभित करके मैथुन सेवे उसके चोथे व्रतमें अतीचार लगे उरतोसें हमेसां नरमायस रखणा कारण बहोत गुस्सेमें आणेसे प्राण घाततक कर बेठती हे उर विना नरमायस कार्यमें हरजाणा करती हे जो कभी घरकी स्त्री निर्गुणीभी मिलजाय तो बहोतही समझदारीके साथ घरका कांम चलाणा देहमें जीवहे उहांतक मजबूत वेभी लगी समझणा गृहणीहे सोही घरहे नफा कहणेसें स्त्री खुल्ले हाथोसें धन खरचणें लगजातीहे स्त्रीके पेटमें बात टिकती नही इसवास्ते नुकसानी वगेरे कोइभी गुप्त बात उसके सांमने कहदेणेंसें लोकोमें कहकर आबरू खोदेतीहे राजसंबंधी बातोकें कहणेसें राजदंभभी होजाताहे जिसपर एसा दृष्टांतहे रूमके बादशाहने दिल्लीके बादशाहसें च्यार चीजें मंगवाइ गादीका गधा सराइ कुत्ता असलकी कमअसल कमअसलकी असल वह दृष्टांतसे जांणना अर्थात् सब उरतें उ गुणगारी नही होती प्रायें होतीहीहे अच्छे

कुलकी उंर पढी हुइ चतुर उंर रूपवंत पद्मनी या चित्रनी वह उत्तम स्त्री कहलातीहै समजु- वार उंरत तो घरमें मुकत्यारी करे तो फेरभी केइ बातोसें डुरस्तभीहै लेकिन् जिस घरमें प्रायें उंरतोका चलण होताहै वो घर मट्टी मिलजाताहै सरकारी दंडभी होताहै इसवास्ते चतुरोंकों चाहीये सो विगर विचारे घरमें उंर- तोकों मुख्य नही करे जिसपर एसा दृष्टांतहै एक जुलाहै कपडे वूणनेवालेके घरमें स्त्री मु- कत्यारथी वो जुलाहा एकदिन वस्त्र वूणनेके उंजारकेवास्ते लकडी लाणेकूं जंगलमे गया एक सीसमके दरखतकूं काटणेलगा उसका अधि- ष्टायक कोइ व्यंतर बोला मतकाट तोभी जुला- हा डरा नही साहसकर काटणेलगा तब इस- का सत्व देखके भूत प्रसन्न होकर बोला वरमां- ग जो मांगेगा सो दूंगा वह जुलाहा स्त्री लंपट- था बोला मेरी उंरतसें पूछके वर मांगूगा खेर स्त्रीकूं जाके पूछा तव वो उंरत तुच्छ स्वभावकी- थी इसवास्ते उसके यादमें एसी बात आइ ॥

श्लोक ॥ प्रवर्द्धमानपुरुष स्त्रयाणामुपघातकृत् पूर्वोपार्जितमित्राणां दाराणामथवेस्मनाम् ॥ १ ॥

अर्थ—जव पुरषकूं लक्ष्मी वहोत मिलजाती

हे तब पुरष पुराणे दोस्तकूं उंरतकूं उंर पुराणे घरकूं छोमदेताहे एसा विचार करके खाविंदसें कहा हे पति बमा डुखदाइ राज्य लेकर क्या करोगे एसा वर मांगों सो दो हाथोके च्यार तो हाथ हो जावे उंर दो सिर होजावे पेट एकही रहे अगर जब च्यार हाथ होयगा तब डुप्पट मजूरी कमाउंगें इतनेमेंही अपणा घर तो धनसें नरजायगा अहो २ स्त्रीकी स्वार्थता व्यर्थ सर्वस्व खोणेका उपाय बताया उसने वेसाही वर मांगा नूतने वेसाही बणादिया गांमके लोकोने उसका एसा विचित्र रूप देखकर राक्षस जांणके लठी उंर पच्छरोंसे मारमाला जिसमें अपणी अक्कल होय नहि स्याणे मित्रका कहा माने नहि उंर अक्कलहीन स्त्रीके वसमे रहे वो इस जुलाहेकी तरे नास होय इस मुजब दृष्टांत कोइयक ठिकाणेही वण आताहे बुद्धमांन स्त्री होय तो उसकी सल्ला जरूर लेणा फायदा होताहे इसपर अनुपम देवी उंर वस्तुपालका दृष्टांत जांणना अच्छे कुलकी पक्की ऊमरकी कपट करके रहित धर्म करणी करणेमें तत्पर अपणे साधर्मणी उंर अपणे स्वजनसंबंधीयोके घरकी बेटी बहू होय

एसी स्त्रीके संग अपणी स्त्रीके प्रीति करावणी
ऊरत बेमार पमे तो उसकी दवा दारु पथ्य
वगेरे करे लेकिन् उसकूं सूगाके वे वजे छोमणा
नही तपस्या ऊजमणा दांन देवपूजा तीर्थ
यात्रा वगेरे धर्मकृत्यमें उमंग वधाकर धनकी
मदत देकर सहाय करणा लेकिन् अंतराय
नहि करणा कारण स्त्रीके पुन्यमें पुरुषका हिस्सा
प्रतक्ष प्रमांणसेहे धर्मकृत्य कराणा यही परम
उपगारहे ऊर जव उपगारहे तव तो पुन्यमें
नाग निश्चेहे ४ अव पूत्रके संवंधमे पिता सं-
वंधी उचिताचरण कहतेहे पिताकूं चाहीये सो
पुष्टिकारक अन्नादिक ऋतुपथ्य मुजव खिलावे
वालकके मनमाफक फिरावे धिरावे तरे २ के
खिलोणे देकर कलाकुशल करे वालकपणेमें जो
शंका करके दूवला सरीर रहे तो योजवानीमें-
नी कमजोर होताहे चाणक्य कहताहे पुत्र
पांचवर्षका होय जहांतक लाम लमाणा तदपीछे
धमकीसें पढाणा खाणे पहरणेका लाम रखणा
एवं दसवर्ष वाद मारपीटके साथनी हितशिक्षा
ऊर विद्याभ्यास कुलाचार सिखाणा सोले वर्ष
वाद मित्रकी तरे पिताकूं वर्त्ताव पुत्रसें करणा
देव गुरु धर्म सुखी स्वजन इनोके संग हमेसां

परिचय कराणा कारण अच्छे मनुष्योंके संग दोस्ती कराणेसें वल्कलचीरीकीतरे हमेसां धर्मकी वासना बणी रहतीहे उत्तम जातिके कुलवंत सुशीलके संग दोस्ती करणेसें कदास धन नही मिले भाग्ययोगसें लेकिन् आवता हुवा अनर्थ तो जरूरही टलजाताहे क्योंके अनार्य देशमें पेदा हुये हुये आर्द्र कुमारके अभय कुमारकी मित्रता मुक्तीकेवास्ते हुई लडकेकूं अच्छी कुलकी ओर अच्छे रूपकी अठारे वर्षमें इग्यारे तथा बारे वर्षकी कन्यासें सादी कराणी लडकेकूं चाहीये सो वीस वर्ष उपरांत शंशारी उत्पत्तिके काममें जयणा करे अनुक्रमसें घरके कामकाजकी मुकत्यारी स्यानसबूरीमाफक सोंपे जो कदास योग्य कन्या परणावे नही तो उलटी विटंबना होजातीहे कारण दोनोंजणे अनुचित कृत्य करणे लगजावे तो फजीता होताहे आपसमे एक २ के परसन नही पडे तब स्त्री भर्तारके आपसमें विरोध पडजाताहे धारानगरीमें एक कुरूप निर्गुणीके तो बडी रूपवान ओर गुणवान स्त्री व्याहे गइ ओर एक रूपवान गुणवानकूं विदरूप ओर निर्गुणी स्त्री व्याहेगइ भवतव्यतासें दोनोंके घरमें चोरोने

खातमाली आगे दोनुं जोमोका संयोग दुरस्त नही एसा समझ उन चोरोने वो रूपवांन स्त्री रूपवान पास सुलायदी कुरूप कुरूपके पास धरदी रूपवंत दोनों दिलमें उदासथे उन दोनोंके तो मनकांमना पूरी नई लेकिन विदरूप वणिया प्रनातसमें एसा हाल देखकर राजा नोजसें फरियादकी तब राजा सहरमें ढंढोरा पिटवाया ये काम किसने कीया उर क्यों कीया करणेमें क्या फायदा देखा मेरे सांमने जाहर होवे तब चोरोने आकर कहा गरीब परवर काग हंशका जोमा जो विधाताने नूलके करदीयाथा सो नूल हम चोरलोकोने सुधारदी रत्नसें रत्न मिलादीया यह बात राजा सुणके हुकम दीया यह इनसाफ ठीकहे पुत्रकूं हमेसां पेदास खरच करणेका घरकांममें लगाणा जो लायक होय तो घरकी मुकत्यारी सोंप देणी क्योंके हमेसां घरके फिकरमें रहणेसें इच्छा चारी तथा मदोन्मत्त नही होताहे बमी तकलीफसें धन कमाणा पमताहे इस बातका जाणकार होजाय तब धन नही उमाताहे छोटी उमरमें इसमेही प्रतिष्ठित इज्जतदार कहलाताहे जेसें राजगृही नगरीका प्रशेनजित राजा अपणे

सो लड़कोंका इमतियान करता हुवा श्रेणिककूं योग्य जांण उसकोंही राज्य सोंपदीया तेसें लड़केके माफक लड़कीका भतीजेका बेटेकी बहूका उचिताचरण जांणना जेसें धन्नासेठ च्यारों बेटेकी बहूकी परिक्षा करणेकूं पहली उज्झिताकूं पांचशालि चावलोंके दाणे दिये उसने फेंकदिये दुसरेकी बहू भोगवती सो उस दाणोंकों खागइ तीसरी रक्षिता यतनसे रख छोड़ा चोथेकी बहू रोहणी उसने अपणे पीहरके कर्षोंकों देकर खेतमें वो वादीये उस्सें तीसरे वर्ष जाते एककोठार भरगया परीक्षा पूछी तब सुसरेकूं दिखलाये तब सेठ फेंकणेवालीकूं झाड़ू बुहारु करणेका काम सोंपा दुसरीकूं राधणेका काम सोंफा तीसरीकूं आटा सीधा वगेरे घर विखरीका काम सोंपा रोहणीकूं गहणा जवाहिर रुपीया मोंहरे वगेरे सोंपी इय च्यारोंहीमें जो जो गुणथा वेसाही उनोंनें ग्रहस्थाश्रममें उन्नतीकर दिखलाइ बापकूं चाहीये पुत्रकेरूबरू तारीफ नही करे कारण फेर उसकी लायकी उंर गुण बढते नही अभिमांनमें आजाताहे कदास लड़का जूआ या चोरी या रंडीबाजी नसाबाजी पेटीपणा वगेरे कुलक्षण

सीखजावे तो उस कामोसें धनका नास बेइ-
ज्जती राजदंड होताहे इत्यादिक दुर्दसाकी
बातोंके दृष्टांत सुणावे जो लडका अक्कलवाला
ऊर तकदीरवाला होय तो जरूर विसनोंसें बच
जाताहे रोकडकी कूंची लडकेकूं सोंपे तो आवंद
खरच ऊर शिलक हमेसां संभाल लेवे उसकरके
मनोमती नहि होसके गुरूकी तारीफ सामनें
करणी भाईकी ऊर दोस्तकी तारीफ पिछाडी
करणी चाकरकी दासकी गुमास्तेकी तारीफ
अच्छा कांम करचूके तब करणी स्त्रीकी तारीफ
मरे बाद करणी पुत्रकी तारीफ तो बिलकुल
करणीही नहीं जो करणी तो पीछाडी करणी
जबकी विना तारीफ कीये सरे नही तब लड-
केकूं राजसभा दिखलाणी क्योंके कोइ कर्म-
योगसें अणचिंता संकट आपडे तो कायर होके
घभराना नहीहे वडे २ राजमान्य पुरषोंके संग
मोहबत करणेसें बहोत फायदाहे जेसेंके धन-
वानके दुस्मन बहोत होतेहे हरतरेसें जालला
पटकतेहें इसवास्तें राजवर्गीयोसें धनका फाय-
दा नही होवे तो अनर्थ तो जरूरही मिटा
सक्तेहे परदेसकी रीतभांतसें लडकेकूं जरूर
वाकिफ करदेणा चाहीये क्योंके जब परदेशके

चाल चलणसें वाकवी नही होवे वखत पम्णे-
पर परदेश जाणा पमे तब गोनूजांणके परदे-
शके जालसाज अनेक तरेके फंदेसें धनका
लालच दिखाकर ठग लेतेहे तास गंजीफेके
खेलसें नोट बणाणेकी धोखाबाजीसें जमीनमें
गमाहुवा धन दिखाकर वेस्यायोंकों नाग्यवा-
नकी स्त्रियां बणाकर मम्मइ वगेरे मुल्कमें सो-
नाटोलीके लुच्चे विद्यमांनसमेंमें अनेकोंकों ठग-
तेहे मिरजापुर कासीमें गुंमेलोक कोइतो आ-
गूंकी वीतक बात वापदादोका नांम बताकर
पहचान निकालकर अपणें मकानमें लेजाकर
माल छीनलेतेहे कोइ निजूमी कोइ हकीम ब-
णाकर पसारीयोसें मिलकर माल उतारतेहे जे-
पुर आगरे वगेरोमें दलालोका फंदा लुच्चाइकाहे
इत्यादिक देसावरी हालतोसें वाकबकर देणा
चाहीये इसबजे माताजी पुत्रकेवास्ते पूत्रकी
बहूकेवास्ते उचिताचरण करणा अपणी सोकके
बेटेका लाम अपणे पूत्रसें ज्यादे रखणा इस
वात्तोंसें दुनियामें तारीफ होतीहे पराये जाये-
को अपणा करके केवटणा यह बात बमी लाय-
क वंदीकीहे पिताके कुलके माताके कुलके तथा
स्त्रीके कुलके जो लोक होतेहें वो स्वजन कह-

जातेहे उनोके संगभी उचिताचरण रखणा अ-
थवा घरमें पुत्रजन्म तेसें विवाह सगाइ वगेरे
मंगलीक कामोंमें उनोका हमेसां सत्कार करणा
तेसेंही उनोंके नुकशांन वगेरे पमजावे तो उ-
नोंकों अपणेपास रखणा स्वजनोंमे संकट आ-
पमे तव अथवा उनोंके घर उच्छव होवे तब
उनोके इहां आप जाणा रोगाग्रस्त अथवा ध-
नहीन होजाय तो उनोका उद्धार करणा मित्र
ओर स्वजन वोही कहलाताहे जो रोगमें आ-
पदामें दुकालमें संकट आपमे तव राजद्वारमें ओर
स्मशानमें जो संग रहे ओर छेहनही दिखावे
सो वंधव कहताहे स्वजनोका उद्धार करणा
वो अपणाही उद्धार समजणा कारण लक्ष्मी
चंचलहे अरटकी घमनालकी तरे भरी ओर खा-
ली होजातीहे तेसेंही पैसेवाला दलद्री ओर दल-
द्री तालेवर होजाताहे इसवास्ते जिसकूं सहाय
आपने कीया होय वखत पमणेपर जरूर वो
अपणी सहाय करताहे स्वजनोकी परपूठ निंदा
नही करणी उनोके संग मस्करी वगेरेमेंभी विगर
कारण सूका वाद नही करणा कारणके वाद-
विवादमें वहोत दिनोंकी प्रीती तूटजातीहे स्व-
जनोके शत्रुके साथ दोस्ती नही करणी स्वज-

नके मित्रोके साथ मित्राइ करणी स्वजन घरमें नही होय उंर उनकी इकेली स्त्री घरमे होय तो एकेला नहि जाणा स्वजनोके संग उधार-का धंदा देस काल भाव सोचके करणा देवका या गुरुकाया धर्मका काम होय तो उनोमें सजनोके संग एक दिल होणा दोस्तीकी जगे तीनकाम नहि करणा वादविवाद उधारपार उनके नही रहणेसें उनकी स्त्रीके संग बात ये तीन बात नही करणी शंशारके काममेंभी जब च्यार आदम्योंका एक दिल होताहे तब अच्छी तरेसें काम सुधरताहे तेसेंही जिन मं-दिर वगेरे धर्मकांममें तो निश्चेही एक दिल करणेसें हीकाम निर्वाण चढताहे क्योंके धर्म-काम तो सर्व श्री संघके आधारपरहे स्वज-नोके संग एकदिल होणेपर पंच अंगुलीयोका द्दष्टांतहे पहली अंगूठेकी पासकी अंगली तर्जनी सो लिखणेमें चित्राम करणेमें कोइ चीजकूं दिखाणेमें चीजोकी तारीफ करणेमें चिमटी ब-जाणेमें अगवाणीहे इसवास्ते अहंकारमें आकर मध्यमा जो बिचली अंगलीहे उसकूं पूछणे लगी तेरेमें क्या गुणहे तब मध्यमा बोली मे सब अं-गुली- योमें मुख्यहूं बमीहूं बीचमें रहतीहूं तंत्री

गीत ताल वगेरे कलामें कुशलहूं कामकी जल
दीपणा बताणेकूं अथवा दोष छल वगेरोका नास
करणेकूं चिमठी बजातीहूं टचकारासें शिक्षा
करतीहूं एसेंइ तीसरी अंगली अनामिकाकूं
पूछा तब वो बोली देव गुरु स्थापनाचार्य सा-
धर्मीयोकी नवांग पूजा मंगलीक साथिया नं-
द्यावर्त्त वगेरे करणा जल चंदन वासक्षेप चूर्ण
वगेरोका मंत्रणा ये कांममे करसकतीहूं तब
तर्जनी चोथी अंगुलीसें पूछा तब वो बोली में
पतलीहूं इसवास्ते कांन वगेरेकी खाज खुणनी
शरीरमें कष्ट आवे तब तकलीप पातीहूं भूत
शाकनीके उपद्रवमें कष्टसहके दूर करतीहूं
जापकी गिणती करणेमें अगवाणीहूं एसा सुण-
के च्यारोंही आंगलीयोनें आपसमें दोस्ती करी
उर अंगूठेकूं पूछा तुमारेमें क्या गुणहे तब अं-
गूठा बोला में तुमारा मालकहूं देखो लिखणा
चित्रांम करना ग्रास लेणा चिमठी भरणी चिमठी
बजाणी टचकारा करणा मूठी भरणी गांठ देणी
हथियार वापरणा दाढी मूंछ समारणा कतरणा
कातणा उखेरणा लोच करणा पीजणा वूणना
धोणा कूटणा दलणा पुरसणा कांटा निकालणा
गाय दूहणी जापकी गिणती करणी बाल अ-

थवा फूल गूंथणा फूल पूजा करणी वेरीका गला पकमणा तिलक करणा श्रीजिनामृतकों पीतेहे अंगुष्ट प्रषण करणा इत्यादिक अनेक शंशारके काम में करसकताहूं तब च्यारुं अंगुलीयां अंगूठेके आश्रय करके कांम करणेलगी अब धर्माचार्यके संबंधमे उचिताचरण लिखतेहे तीनोटंक नक्तिसें बहुमांनसें धर्माचार्यकूं मनवचन कायासें वंदना करणी धर्माचार्यके कहे मुजब षमावस्यक पोषधादि कृत्य करणा तथा उनोकेपास शुद्ध श्रद्धानसे धर्मशास्त्रादि ग्रंथ सुणना धर्माचार्य जो हुकम देवे उसका बहुमांन करणा मनसेंजी उसकी अवज्ञा नहि करणी अन्यधर्मी लोकोंकी करी हुई धर्माचार्यकी निंदाकूं मिटाणेका यत्न करे लेकिन् आप उस निंदाके सांमल न होवे शास्त्रोंमें लिखाहे निंदा करणेवाला तो पापीहेही लेकिन् सुणनेवालेजी पापीहे धर्माचार्यकी तारीफ गुणानुवाद हमेसां करे कारणके धर्माचार्यके सामने अथवा परपूठ स्तुति करणेसें पुण्यानुबंधि पुण्य बंधताहे धर्माचार्यका छिद्र नही देखणा सुखमें या दुखमें मित्रकी तरे उनके अनुयायी चलणा उनका निंदक जो उनोंकों उपद्रव करे तो जहांतक

अपणी शक्ति होय जहांतक दूर करणा इस बातपर कोइ संका करताहे के प्रमादसें रहित एसें गुरुउंके बल छिद्र होताही नही तो फेर देखेही क्या उंर मित्रकी तरे उनोसें केसें वर्त्तावा रखणा इस बातका एसा उत्तरहे तुमारा कहणा सच्चहे धर्माचार्यतो निश्चे अप्रमादी होतेहें लेकिन् पंचम कालमे शरीरके संघयणभी वेसा नही न एसा मनोबलहे इस कारणोसें अपवादके रस्तेकी आचरणा देशक्षेत्रादि कारणो करके करते होय तब श्रावक जो तुच्छ बुद्धीहे उनोंकी न्यारी २ प्रकृतीके अनुसार भाव प्रगट होताहे ठाणांग सूत्रमें लिखाहे हे गोतम च्यार प्रकारका श्रावक होताहे एक मातापितासमान दूसरा भाइ समान तीसरा मित्रसमान चोथा शोकसमान साधूउंका जो कुछ कांम होय सो मनमे विचारे किसीवखत साधुउंका प्रमाद देखणेमे आवे तोभी साधुउंके ऊपरसें प्रेमभाव कम नही करे जेसें मातापिता अपणे बालकपर अंतरंगसे हेत स्नेह रखताहे तेसें साधूपर दयाका परिणाम रक्खे वो श्रावक मातापिता जेसा समझणा १ जो श्रावक साधूउंपर मनमें तो बहोत भाव रक्खे लेकिन् बहारसें विनय

साचवणेमें मंद आदर दिखावे लेकिन् साधूका कोइ दुसरा अनादर करे तो तुरत वहां जाय करके सहाय करे वो श्रावक भाइ जेसा जांणना २ जो श्रावक साधूउंकों स्वजनसेभी ज्यादे गिणे उर कोइ कामकाजमें साधू सला नही पूछे तो अहंकारसें क्रोध करे वह श्रावक मित्र जेसा जांणना ३ जो गृहस्थ अहंकारी साधूउंका छल छिद्र हमेसां देखा करे उर उनोका जो कसूर प्रमादसें होजावे वो हमेसां जाहिर कीया करे उर उन जती साधूउंको तिणखे जेसा गिणा करे वो श्रावक शोक जेसा जांणना निंदक लोकोंहे सो जो कुछ जिन मंदिर जैन शाशनकी हीलना निंदा करते होय तो यथा शक्ति मिटाणा चाहीये जेसें कुंभारके भवमें साठ हजार आदमीका कीया हुवा उपद्रव दूर कीया यात्रा जाते हुये संघकी रक्षा करी वो मरके सगर चक्रवर्त्तिका पोता जन्हुकुमार हुवा वह दृष्टांत जाणना धर्माचार्य शिक्षा दे तो तहत्त कहणा धर्माचार्य कोइ तरेका प्रमाद सेवते होय तो एकांतमें समझाणा माहाराज आप जेसें चारित्रवंतोंकों यह बात योग्य नही इत्यादिक हित शिक्षा देणी शिष्योकों चाहीये साम-

ने आणा ऊठणा आसण देणा पग चंपी करणी शूश्रु वस्त्र पात्र अन्न उंषधी ज्ञानके उपगरण वगेरे समयके उचितविनय उपचारभक्तिसे करणा हृदयमें प्रीति रखणी आप परदेशमें होय तो गुरुका सम्यक्त दांनके उपगारकूं हमेसां याद करे अब सहर वस्तीके लोकोंसें उचिताचरण लिखतेहें सहरके लोकोंमें कोइ संकट आय पडे तो मनमें समजणा की मेंभी संकटमें पडाहुं एसा विचारणा उच्छवमें होय तो आपभी उच्छव मांणना क्योंके एक वस्तीमें रहके द्विधा भाव नही रखणा एक धंदेके रुजगार करणेवालो आपसमें कुसंप होय तो निश्चे वो लोक संकटमें जा गिरतेहे बडा कोइ काम करणा होय तो बडाइ वधाणेकेवास्ते सब नागरिक लोकोंके संग जाणा जिस्सें किसीका दिल नही दुखे इकेले नही जाणा कोइ कांमकी गुप्त मसलत करी होय तो बाहिर प्रकाश नही करणी किसीकी चुगली नहि करणी सब बराबरीके होय तोभी मुसलमीनोकी तरे एककूं अगवाणी करके आप उनोके पिछाडी रहणा लेकिन् राजाके हुकम मुजब मंत्रवी परीक्षा करणेकूं एकसेज सबोकों सोनेकूं दी तब पांचसे

मूर्ख कुसंपसें आपसमे ज्ञगमणे लगे एसें कुसंप-
वाले लोकोकूं संग ले राजाकी मुलाखात कर-
णेकूं नही जाणा उंर एसोंकी अरजन्नी नहि
करणी प्रतक्ष प्रमांणहे कितनीही नाकात तुच्छ
चीज होय लेकिन् जब वोही चीज बहोत
एकठी होजाय तब बमी ताकतपर होजातीहे
देखीये कच्चे घास या सूतके तागे जब सांमल
होके रस्सा बनाया जाताहे तब हाथी जेसें
ताकतवरकूं बांध लेताहे जो अदमी आपसमें
एक २ का मर्म उघामे वो वंवीमे रहे उंर पेटमे
रहे सापकी तरे मरणांत कष्ट पाते हे ॥ श्लोक ॥
परस्पराणिमर्माणि न्नाषंतेअधमानराः ते नरावि-
लयंयाति वल्मीकोदरसर्पवत् ॥ १ ॥ किसी दोनो
अदम्योके आपसमें जागमा होय तो तराजूके
पालणे मुजब बराबर रहणा लेकिन् अपणे
स्वजन संबंधीयोकी खेंच अथवा किसीसें रूस-
पतखाके न्यायसें वेमुख कन्नि नही होणा उप-
गारन्नी सच्चे इनसाफसें करणा आप समर्थ
होकर गरीब लोकोंपर मासूल कर तथा राज-
दंमसें सताणा नही तथा थोमा कसूर किसीने
कर लीया होय तो एकदम दंम नहि करणा
मासूल तथा राजदंमसें तकलीप जब लोक

पातेहे तव आपसमें संप ओर प्रीति ओर देतेहे जब वस्तीवालोमें संप नही होय तो कितनाही ताकतवर क्यों न होय वगममेंसे निकले हुये सिंघकी तरे जहांतहा अनादर पाताहे इस-वास्ते आपसमें संप रखणा कल्याणकारीहे उ-समेंभी अपणे पक्षमें न्यातीगोतीयोमें तो ज-रूरही चाहिये क्योंके छिलके दूर करदीये जाय तो चावल ऊगते नहीहे इत्यादिक जांणना अपणा भला चाहो तो राजाके देवस्थानके अ-थवा धर्मखातेके अधिकारी देरासरी तथा उ-नोके नीचेके लोकोके संग लेणदेणका विवहार नही करणा क्योंके ये लोक पहले तो मीठी बात बणाकर आसन ओर पान बीमी देकर भ-लाइ दिखातेहे लेकिन् वखत पमणेपर रुपे मां-गणेसें एसा कहतेहे हमने तुमारा वो कांम कीया वो कांम कीया तिलके फोतरे जितने उ-पकारकूं उस वखत पहाम जितना गिणातेहे पहली बातकूं भूलजातेहे ब्राह्मणमें क्षमा १ मातामें द्वेष २ कसवणमे प्रेम ३ ओर सरकारीय हुदेदारोमें इमानदारी ४ ये वातें प्रायें होणी मुसकिलहे देणा तो दूर रहा लेकिन् ज्यादा मांगणेसें कोइ ज्यादे तूमत लापटकतेहे क्योंके

धनवानके लागूहे दलड़ीपर कोण तूमत लाताहे इसबजे नागरिक लोकोका उचिताचरण जांणना अब अन्यदर्शनी भेषधारीका उचिताचरण लिखतेहे अन्यदर्शनी भेषधारी अपणे घर भीखकूं आवे तो उनोंकों यथायोग्य दांन देणा और राजमान्य एसा जो अन्यदर्शनी मकानपर आवे तो विशेष भक्तीकरके दांन देणा श्रावकके दिलमें अन्य दर्शनीके भेषकी भक्ती तो नही और नही उनके गुणोका पक्षपातहे तोभी मकानपर आये हुयेका आदरमांन करणा गृहस्थका धर्महे मीठा वचन बोलणा आसण देणा भीमणेकूं निमंत्रणा करणी किसकारणसें आणा हुवा सो पूछणा उनोका काम करणा संकटमे पड़े हुये लोकोकूं बाहिर निकालणा यह बात सर्व धर्मीयोकूं सम्मतहे श्रावककूं जो उचिताचरण करणा लिखा उसका मतलब एसाहे जो की उचिताचरण करणेमें कुशल नहीहे वो पुरष लोकोत्तर पुरष जो सर्वज्ञ उनकी वाणीका सुक्ष्म बुद्धिसें गृहण करणा एसा जो जैनधर्म उसमें केसें कुशल होसके इसवास्ते धर्मार्थी लोकोकूं अवस्य उचिताचरण ध्यांनमें लेणा गुणपर प्रीति रखणा दोषोंपर मध्यस्थ भाव रखणा जिन

वचनपर रुचि राखणी यह सम्यग् दृष्टिका ल-
क्षणहें समुद्र मर्यादा छोमता नही पर्वत चलाय
मांन होता नही तेसेंइ उत्तम पुरष उचिताचरण
छोमते नही इसवास्ते जगद्गुरु तीर्थंकरजी गृ-
हस्थपणेमें मातापिताके संबंधमें उठणा प्रमुख
आदरसत्कार करतेहे बमे पुरष आपणेसें आदरसें
उठणा प्रमुख आचरणा करतेहे तो फिर उनोसें
ज्यादा कोणहे सो उचिताचरण नही करे ऊपर
लिखे उचित वचनोंसें बहोत गुण पैदा होतेहे जेसें
आंबम जिसकी उदादवाले नणशाली उसवाल
बजतेहे शोलंकी राजपूत वो आंबम मल्लिकार्जु
नकूं जीतकर चवदे क्रोम मोलका नरे हुये छवटो
करी चोदे २ नार तोलके एसे सोनेसें नरे हुये
बत्तीस घमे सिणगार उंरत मर्दोंके सजणेके
रत्नजमित एक क्रोम जहरकूं मिटाणेवाली सीप
वगेरे धनमाल चहुआण महाराज कुमारपालके
खजानेमें माली तब राजा प्रसन्न होकर राज-
पितामह एसा विरुद उंर क्रोम द्रव्य उंर
चोवीस जातिवंत घोमे एसा इनाम दीया ये
सब धन आंबट घर पोहचते २ रस्तेमेंही या-
चकोकों देदीया इसबातकी चुगली किसीने
राजासें खाई तब राजा गुस्सेमें आकर आंबम

मंत्रीकूं बोला क्यों तें मेरेसेंभी ज्यादे दांन देणे लगा तब आंबड मंत्री बोला हे राजन् आपके पिताजी दस गामडोके मालकथे ओर आजदिन आपके ताबेमें अठारे देस होगयेहे ओर आप अहमिंद्र बणरहेहो तो क्या इस बातसें आपकी तरफसें आपके पिताकी बेअदबी मानी जावे एसा उचित वचन सुणके राजा प्रसन्न होकर दुसरी किताब राजपूत्रकी वगसी ओर आगे जो दीयीथी उससें दूणी ऋद्धी इनायतकी इसवास्ते शास्त्रोंमे लिखाहे के दांन देतें रस्ते चलते सूते बेठते खाते पीते बोलते सब जगे योग्यही बोलणा वखतपर बडाई मिलतीहे समयकूं जाणा उसने सब कुछ जाणा वोही उचिताचरण जाणताहे कहाहे एकतरफ क्रोड गुण ओर एकतरफ उचिताचरणहे अगर उचिताचरण नही जाणताहे तो सब गुण जहर बराबरहे इसवास्ते अनुचित कांम छोड देणा जिसकरके अदमी मूर्खोंमें गिणे जाताहे वो सब काम अनुचित अयोग्य नही करणे चाहीये वो सब लोकीकशास्त्रों मुजब उपगारका कारण समझके इहां लिखताहूं हे राजेंद्र सो मूर्ख होतेतेहें तें इन बातोंको छोड जिसकरके तूं जगतमें

रत्नकी तरे निर्दोष होकर शोभा पावेगा ओर अखंम शासन जयवंत रहेगा छती शक्ति उद्यम नही करे १ पंमितोकी सभामें अपणा वखाण करे २ वेस्याके वचनपर विश्वास राखे ३ दंभ-याने कपटी लोकोके आमंबरपर भरोसा रख्खे ४ जुअेसें किमीयागिरीसें धन कमाणेकी इच्छा करे सो ५ खेती व्यापार नोकरी वगेरे लाभके रुजगारोमें संका रख्खे फायदा होगा या नही ६ अक्कलही न होकर बमा कांम करणाधारेसो ७ वणिया होकर एकांत वास करणेकी इच्छा रख्खे ८ सिरपर उधारा कढाके घरबार वगेरे खरीदे ए बुढ्ढा होकर कन्या परणे १० गुरु गमसें विगर सीखे ग्रंथकी व्याख्या करे ११ जो बात जाहिर हो चूकी उसकूं छिपाणेका यत्न करे १२ चंचल स्त्रीका भर्त्तार होकर मनमें इर्ष्या रख्खे १३ डुस्मन समर्थ होय फेर उ-सकी शंका नही रख्के १४ पहली धन देकर पीछेसे पछतावा करे १५ विगर पढा हुवा बमे स्वरसे कवित्तया काव्य बोले १६ मोंके विगर बोलणेकी चतुराई दिखलावे १७ ओर जहां बोलणेका मोका होय वहां परचुप रहे १८ फायदा लाभ आवंदकी वखत लमाइ करे १ए

जीमणेके वखत क्रोध करे २० बडे कायदेकी आसासें धन विखेरे २१ साधारण बोलणेमें कठन संस्कृत वगेरेके शब्द बोले २२ बेटेके हाथमें सब धन सोंपके आप दीन दुखी होवे २३ वेरतके पक्षके लोकोसें उधार वगेरे मांगणी करे २४ वेरतके संग लडाइ होणेसें दूसरी सादी करे २५ कामी पुरषोके संग हरीफाइसें धन उडावे २६ लडकेपर गुस्सा करके उसका नुकसांन करे २७ मंगत लोकोंकी करी हुई स्तुति सुणके मनमे अहंकार लावे २८ अपणी अहंकार बुद्धिसें दुसरेका हितकारी वचन नही सुणे २९ हमारी बडी जातिहे एसे अहंकारसें किसीकी नोकरी नहि करे ३० दुखसें कमाया जावे एसा जो धन सो देकरके कांम जोग सेवे ३१ मोल किराया देकर खराब रस्ते जावे ३२ जो राजा लोभी होय वर उसके पाससें धन लेणेकी आसा रखके ३३ हाकम दुष्ट अन्याइ होय उसके पाससें धनकी आसा रखे ३४ कायस्थ लोकोसें दोस्ती मोहबतकी आसा रखके ३५ मंत्रबीजादिक क्रूर कठोर होय उसका डर नही रखके ३६ कृतघ्नीसें उपगारके बदलेकी आसा रखके ३७ जो मूर्ख रसकूं नहि

समजे उसके आगें अपणा गुण प्रगट करे ३८ शरीर निरोगी रहते हुये वे हमसें दवा खावे ३९ रोगी होकर पथ्यपरे जनहि करे ४० लोनके वस स्वजनोकूं छोमदे ४१ जिस वातोसें दोस्तका दिल खट्टा होजाय एसी बात कहे ४२ फायदेका वखत आवे उस वखत आलस करे ४३ बमा धनवान होकर लमाइ दंगा करे ४४ जोतषीकी जुवानपर नरोसा रखके राज्य मिलणेकी इच्छा करे ४५ मूर्खके संग सल्वाह करणेका आदर रख्के ४६ गरीब अनाथ लोकोकूं तक्लीप देणेमें सूरवीरता जाहिर करे ४७ जिसकी एबजा हिरा देखणेमे आवे एसी ओरत परप्रीति राखे ४८ गुणके सीखणेमें क्षणमात्र प्रीति राखे ४९ दुसरोंका जमा कीया हुवा धन उमावे ५० अहंकार रखकर राजा जेसा बणाव करे ५१ लोकोके सामने राजा वगेरोकी जाहिर निंदा करे ५२ दुख आणेसें दीनपणा प्रगट करे ५३ सुख होणेसें आगे होणेवाली खोटी गतिकूं नूल जावे ५४ थोमे बचावकेवास्ते ज्यादे खर्च करे ५५ परिक्षा करणेकूं जहर खावे ५६ किमियागरीमें धन होमे ५७ खयरोग होगयेवाद फेर रसायण खावे ५८

आप अपणे बडाईका अभिमांन रक्खे ५९ गुस्सेमें आकर आत्मघात करणेकूं तयार होय ६० नित्त विगरकारण इधर उधर भटकता रहे ६१ शस्त्रोंके प्रहार लगेबाद फेरभी युद्ध देखे ६२ बडोंके साथ विरोध करके नुकशानीमें जा पडे ६३ थोडा तो धन होय ओर आडंबर बडा रक्खे ६४ में पंडित हूं एसा समजके बहोत बकवाद करे ६५ अपणी सूरवीरता समज किसीका डर नही रक्खे ६६ बहोत व्याख्यान करके अगले अदमीकूं त्रास उपजावे ६७ हासी करता हुवा मर्मकी जुवान कहे ६८ दलद्रीके हाथमें अपणा घर सोंपे ६९ पैदास तो होय नहि ओर धन खर्च करे ७० अपणे हक्कमे खरच करणेकूं कंजूसपणा करे ७१ तकदीरके भरोसे रहकर उद्यम नहि करे ७२ आप दलद्री होकर बात बणाणेमें वखत गमावे ७३ व्यसनकी उलफतमें गिरके जीमणाभी भूलजाय ७४ आप निर्गुणी होकर अपणे कुलकी बहोत तारीफ कीया करे ७५ वरना ओर कडा स्वर होय ओर गाणा गावे ७६ ओरतसें डर कर याचककूं दांन नही देवे ७७ कृपणपणा करके दुर्दशा भोगे ७८ जिस अदमीके प्रगट अवगुण दिखते

होय एसे अदमीकी तारीफ करे ७९ सभाका कांम पूरा हुवे नही उर पहली ऊठजावे सो ८० दूतयाने हलकारेका काम करे उर संदेसा भूल जावे ८१ खासीका रोग होय उर चोरी करणेकूं जावे ८२ दुनियामें नामंबरी उर यशकी इच्छाके चाहसे भोजनका खरच बहोत रख्के ८३ लोक मेरी तारीफ करेगा इस भरोसे आहार थोमा करे ८४ जो चीज थोमी होय वो चीज बहोत खाणेकी इच्छा करे ९५ कपटी उर मीठे वचनोके बोलणेवालेके जालमें जाफसे ८६ कसवणके जारके संग लमाइ करे ८७ दोजणे कोइ गुप्त सल्ला करते होय उसके बीचमें तीसरा आप जावे ८८ राजाकी महरबानी हमेसां बणी रहेगी एसा दिलमें भरोसा रख्के ८९ अन्यायके रस्ते चले उर आपणी बढोतरीकी आसा रख्के ९० धन तो पासमे होय नही उर धनसें होणेवाले कांम करे ९१ छानेकी बात लोकोमें जाहिर करे ९२ यशकेवास्ते अजाण अदमीका जाम न होय ९३ हितवचन कहणेवालेके संग वैर करे ९४ सब जगे भरोसा रख्के ९५ लोक व्यवहार नही जाणे ९६ याचक भीख मंगा होकर गरम भोजन करणे-

की टेंम रक्खे ९७ मुनिराज होकर क्रिया पा-
लणेमें शिथलतता रक्खे ९८ कुकर्म करता हुवा
सरमावे नही ९९ ओर बोलता हुवा बहोत हसे
१०० इसतरेसें सो मूर्ख जांणना जिस वा-
तोसें अपयश होय एसे सब काम छोडणा इस
तरेसें विवेक विलासमें जिन दत्त सूरजीने
लिखाहे सभामें वगासी हिचकी डकार हांसी
वगेरे करणा पडे तो मुख ढांककर करणा सभा-
में नाक कुचरणा नही ओर हाथ मरोडणा नही
पालखथी मारणी नही पगलंवा नही करणा
निद्रा विकथा वगेरे खराब चेष्टा नही करणी
उत्तम पुरषोका हसणा होठ फुरकाणे मात्र
होताहे ज्यादे हसणा अनुचितहे बगल नहि
बजाणी अंग बजाणा तिणखा तोडणा हाथसें
जमीन खोतरणा नखसें नख अथवा दांतोका
घसणा ये वातों नही करणी चारण भाट ब्रा-
ह्मण वगेरोके मुखसें अपणी तारीफ सुणके
मनमे अहंकार नही लाणा ओर समझवार अ-
दमी अपणी तारीफ करे तो मनमें समझणाकी
इतना गुण तो मेरेमेहे लेकिन् अभिमांन नही
करणा दुसरे अदमीके कहे मुजब वचनके अ-
भिप्राय दिलमें धरणा नीच अदमी अपणेकुं

हलकी जुवान कहे तो पीछा उत्तर हलकी जुबानसें नहि देणा जो बात वीतगइ या आगे होणेवाली या वर्त्तमानकालमें भरोसा रखणे योग्य नही होय एसी बातमें एसा नही कहणा की ये तो सच्च हे उर एसेंहीहें एसा प्रगट अपणा अभिप्राय नही जाहिर करणा कोइ काम किसीके पाससें कराणा विचारया होय तो उसके सांमने किसी दृष्टांतसें अथवा विशेष वचनोसें पहली जताणा चाहीये अपणा विचारया हुवा कामके अनुकूल कोइ वचन कहे तो जरूर मांन लेणा चाहीये जिसका कांम अपणेसें नही बणसके उसकूं पहलेहीसे नहिं कहदेणा जूठी दिलासा देकर धक्का नही खिलाणा चतुर पुरषोकूं चाहीये सो अपने दुस्मनकोंभी कमवी जुवान नही कहे अगर किसी मोंकेपर सुणाणा पडे तो मिसालकरके दुसरेके वहानेसें सुणाणा जो अदमी माता पिता रोगी आचार्य प्राहुणा भाइ तपस्वी बुढ्ढा बालक दुर्बल गरीब आदमी वैद्य अपणी उलाद भायोके कुटंब चाकर बहेन इणोके संग लडाइ नही करें वो अदमी तीन जगतकूं वस करे एक टकी लगाकर सूर्यके सा-

मने नही देखणा तेसें चंद्र सूर्यका ग्रहण लगे तब कूवेका पाणी ज्ञर संझा कीसमें आकास ये नही देखणा स्त्रीपुरषका संजोग सिकार जवानीमे ज्ञरपूर नंगी स्त्री जानवरोका मेथुन क्रीमा ज्ञर कंन्याकी योनि तेलमें जलमें हथियारमें मूतमें तेसें खूनमें अपणी पम्छिांई नहि देखणी एसें करणेसें आयु घटतीहे अच्छे बमे ज्ञर सुसील आदमीयोकी बातकूं काटणा गइ चीजका फिकर करणा किसीकी निद्रा ज्ञंग करणा इत्यादिक बातें कज्ञी नहि करणा बहुतोंके साथ वैर विरोध नहि करणा बहुतोकी मत जिधर होय उधरही मति देणी जिस कांममें स्वाद नहि एसाज्ञी कांम समुदायके संग करणा समजवारोकों चाहीये सब शुज्ञ क्रियामें आगेवांन होणा जो अदमी कपटसेंज्ञी निर्लोज्ञीपणा दिखलावे तो उसमेंज्ञी गुण हासिल होताहे किसी अदमीका नुकसांन करणेसें कोइ कांम सिद्ध होता होय तो एसा कांम बणे जहांतक नही करणा सुपात्र अदमीकी इर्ष्या नहि करणी अपणी जातिपर संकट आपमे तो जाति नही ठोमणी बहोत आदरसें जातिमें संप होय एसा काम करणा एसा नही करे तो

मान्य पुरषोका मांनखंडन उर अपयश होताहे अपणी जातिकों छोड पराइ जातिमें जो आसक्त होताहे उसकी कुकर्दम राजाकी तरे दुर्दसा होतीहे जातिमें कलह करणेसें अदमी भ्रष्ट मिलजाताहे उर संपमे रहे तो कमलमें कमलणीकी तरे बढताहे अपणा दोस्त साधर्मी उर जातिमें आगेवान बडा पुत्र जिसके नही होय एसी बहिन इतनोका जरूर पोषण करणा जो पुरष मनमें वडपन रखवा चाहे वो सारथीका कांम पराइ चीज खरीदणी उर वेचणी अपने कुलके अनुचित कांम नही करणा महाभारत ग्रंथमे लिखाहे मनुष्यकूं ब्रह्म मुहुर्त्तमें उठणा धर्म अर्थका विचार करणा सूर्यकूं उदय होते अस्त होते उर किसी वखतभी देखणा नही दिनकूं उत्तरकी तरफ रातकूं दक्षिणकी तरफ मूं करके दिसा जंगल जाणा अगर कुछ हरकत होय तो चाहे जिधर मुखकरके जंगल जाणा आचमनादि करके देवपूजा कर गुरुकूं वंदना करके साधू सुपात्रोकों दान देकर भोजन करणा जो भोजन घरमें होय वो पहली देव जिनराजके सांमने धरणा फेर भूख लगणेसें भोजन करणा कारण भोजनका कोइ वखत शास्त्रकारोनें

नहि लिखाहे इतना तो जरूरहे एकवार जी-
मकर पहरभरमें दुसरा खाणा नही और दोपहर
लांघणा नही अर्थात् पांच घंटा आगले भोज-
नकूं हो चुके तब दुसरा खाणा ये मर्यादा दि-
नकीहे रातकूं भोजन सर्वथा मनाहे इसवास्ते
दिनके पहले पहरमें भोजन करणा नहीं दोपहर
वीताणा नही सुपात्रोकों दान देणेकी विधि
इस मुजबहे सुपात्रकूं निमंत्रकर भोजनकी व-
खत घरपर लाणा अथवा आते मुनिराजकूं देख
उनोके सांमने जाणा वंदना करणा फेर क्षेत्र
संवेगका भावितहे या अभावितहे काल सुभिक्ष
हे या दुर्भिक्षहे दांन देणेकी वस्तु सुलभहे या
दुर्लभहे तेसेंइ पात्र आचार्यहे या उपाध्याय
गीतार्थ तपस्वी बाल वृद्ध रोगी समर्थहे या
असमर्थहे एसा दिलमें विचार करणा और ह-
रीफाइ बमाइ इर्ष्या प्रीति लज्जा और चतुराइ
दुसरे लोक दांन देतेहे इसवास्तें मुजेभी वे-
साही करणा एसी इच्छा उपगारका बदला उ-
तारणेकी इच्छा कपट विलंब अनादर कडुवा बो-
लणा देकर पिछताणा इत्यादिक दांनके दोषणहे
फकत अपणा जीवका भला चाहता हुवा दोष-
रहित अन्नपान वस्त्र वगेरे वस्तु अपणी अपणे

हाथसें अथवा आप खमा रहके स्त्री वगेरोके पाससें दिलावे जैनमुनिके आहार संबंधी बयालीस दोषण टालणेके पिंम विशुद्धि वगेरे ग्रंथोसें जांणना दांन दीयां पीछे मुनिराजकूं वंदन करके उनोंकों दरवाजेतक पोहचाणे जाणा मुनिराजका योग नहि होय तो बद्दल विगर वृष्टिमाफक साधूउंके आणेकी राह देखणी शुद्ध श्रावक साधूकुं दांन दिये विगर कोइजी चीज नहि खातेहे मुनिराजका निर्वाह दुसरी रीतसें होता होय तो अशुद्ध आहार लेणे उर देणेवालेकूं हितकारी नही उर कुसमयमें जो निर्वाह नही होवे तो आतुरके दृष्टांतसें अशुद्ध आहार दोनोंकों हितकारीहे जगवती सूत्रके लिखे मुजब रस्ते चलणेसें थके हुये रोगी लोच करे हुये एसे आगम शूद्ध वस्तुका लेणेवाला साधूकूं उत्तर पारणेके विषे दांन दीया होय तो उस दांनसें बहोत फल मिलताहे सुपात्र दांनसें देवके तथा मनुष्यादिकोका सुख तथा समृद्धि होतीहे चक्रवर्त्ति आदि पद मिलताहे अंतमें थोमे समयमें निर्वाण सुख मिलताहे अजय दांन १ उर सुपात्र दांन २ अनुकंपादान ३ उचितदांन ४ कीर्त्तिदांन ५ पह-

लीके दो दानोसें मुक्ति उंर सुखसंपदा मिल-
तीहे उंर तीन दानोसें फकत सुखसंपदा मि-
लतीहे सुपात्रका लक्षण इस तरेसेहें उत्तम
पात्र साधू जोकी सर्व संगका त्यागी शुद्ध उप-
देशक मध्यम पात्र श्रावक साधर्मी उंर जघ-
न्यपात्र अविरति सम्यक्दृष्टी सास्त्रांतरोमें लि-
खाहे हजारो मिथ्या दृष्टीसें एक थोमी श्रद्धा-
वाला सम्यक् दृष्टी अच्छाहे उंर हजारो संक्षे-
प श्रद्धावंतसें एकवारे व्रतधारी श्रावक श्रेष्ठहे
हजारवारे व्रतधारीसें एक मुनिराज श्रेष्ठहे उंर
हजार मुनिराजोसें एक तत्वज्ञानी श्रेष्ठहे त-
त्वज्ञानी जेसा पात्र हुया न होगा सतपात्र बमी
श्रद्धा योग्य काल उचित एसी देणेकी वस्तु
एसें धर्म साधनकी सामग्री बमे पुन्यसें प्राप्ति
होतीहे भोंचढाणी १ नजर करमी करणी २
अंतर्वृत्ति रखणी ३ मूं फेर लेणा ४ मोन क-
रणा ५ देणेमें देरी करणी ६ ये बाते नाकारा
करणेका चिन्हहे आंखमें आनंदके आंसू १ रूं
खमे होणा २ बहुमांन ३ प्रियवचन ४ अनुमो-
दन ५ ए पांच दानका भूषण कहलाताहे इत्या-
दिक संक्षेपसें दानविधी कही तेसेंइ भोजनकी
वखत साधर्मी आवे तो उसकूंभी यथाशक्ति

जीमाणा साधर्मीजी पात्र कहलाताहे साधर्मी वात्सल्यका बमा लाभ शास्त्रोमें तीर्थंकर महाराजने बयान कीयाहे तेसें डुसरे भिक्षारी लोकोंकूं दांन देणा निरासकर पीबा निकालणा नही कर्मबंध तेसें धर्मकी हीलणा नहि कराणी अपणा मन निर्दय नहि करणा जीमणके वखत दरवाजा बंध करणा ये गृहस्थ सत्पुरषोका लक्षण नही धनवानकूं तो निश्चेही अन्नगद्वार होणा क्योंके अपणा पेट कोण नही भरताहे लेकिन् बहोत जीवोंकी प्रतिपाल करे पुरष वोही गिणे जाताहे इसतरे दीन डुखियोंकों अनुकंपा दांन देकर पीबे जीमणा जिनेश्वरदेव श्रावककूं अनुकंपा दांन मना कीया नहीं भगवतीमे श्रावकके वर्णनमें अवंगु अडुवारा लिखाहे भवसमुद्रमे मूबते हुये जीवोके समुदायकूं डुखसें हेरान हुयेकूं न्यातकी जातकी तथा धर्मकी तफावत दिलमें नहि रखकर द्रव्यसें तो अन्नादिक भावसें सद्धर्म्मके रस्ते लगाकर यथाशक्ति अनुकंपा करणी तीर्थंकर महाराज संशारसे विरक्त भावना लाये बाद दीन डुखीयोके उद्धार करणेकूं संवत्सरी दांन देतेहें एक वर्षतक फेर संजम लेतेहे प्रदेसी

राजा केसी कुमारके उपदेससे नास्तिक मत त्याग जैनधर्मका उत्कृष्ट श्रावक वणेवाद दांन साला दीन हीन पंथी श्रमण माहणोके वास्ते केशी गण धरके उपदेससें कराइ ये अधिकार राजप्रष्णी सूत्रमेंहे विक्रमराजा लोकोका ऋण उतारकर संवत चलाया एसेंही शालिवाहन जैनधर्मरूपी सक चलाया लोकोकी आपदा काटणेसें बमी फलप्राप्ति होतीहे चेलोकी परिक्षा विनयउपरसें मालम पमतीहे सुनटोकी परिक्षा संग्राम होणेसें मित्रकी परिक्षा आपदाका प्रसं-ग आणेसें उंर दानेश्वरीकी परीक्षा काल पम-णेपर मालम देतीहे हमारे विद्यमांनमें बीकानेर मारवामें डुकाल पमा सं० १९-५६का जिसमे नग्रसेठ चांद मलढढ्ढा वगेरे उंसवाल गोत्री ते-सेंइ नागा दम्माणी प्रमुख माहेश्वर गोत्रीयोने राजेंद्र गंगासिंह बहाडुरकी प्रेरणासें लाखो रुपयेका अनाज कंगालोको दांन दीया तेसें दांन बुद्धि रखणी तेसें माता पिता नाइ बहेन लमका लमकी उंरत नोकर रोगी केदी लोक गाँय वगेरे जांनवरोकूं यथायोग्य नोजन कराके पंचपरमेष्टीका ध्यांनकर पच्चखाणका उपयोग रखकर आपकी तासीरकूं माने एसा नोजन

करणा आहार पाणी वगेरे वस्तु स्वन्नावसेंही दुष्ट ओर खराब होय तोन्नी किसी २ कूं माफ-गत आताहे उसकूं साम्य कहतेहे जन्मसें ले-कर जहर खाणेकी टेंम पटकी होय तो उस अदमीकूं जहरन्नी अमृत होजाताहे ओर अमृ-तन्नी अगर कन्नी नहि खाया होय तो वो ज-हर माफक होताहे इसवास्ते पथ्य चीज नही सदे तोन्नी खाणा चहीये कुपथ्य चीज सदे तोन्नी नही खाणा ताकतवर अदमीकूं सब चीज हितकारी होतीहे एसा समजके काल-कूट जहर नहि खाणा जहर शास्त्रका जाण-कारन्नी कोइ वखत जहर खाणेसें मरजाताहे जेसें के तेरूकी रांफ होतीहे गलेके नीचे उतरे सो सब असन कहलाताहे इसवास्ते क्षणन्नरके सुखकेवास्ते जीन्नका लालची नहि होणा इस-वास्ते अन्नक्ष्य अनंतकाय ओर बहुत पापकारी बहु बीजबस्तुका खाणा ग्रेमणा क्योंके रोगका मूल रसहे न्नावप्रकाशमें लिखाहे बहुत साग-पात रोगकारीहे अन्नक्ष अनंत कायका विचार जैन तत्वादर्श न्नाषाग्रंथसे जांण लेणा पापका मूल लोन्नहे दुखका मूल स्नेहहे रोगका मूल रसहे इन तीनोका ग्रेमणेवाला सुखी होताहे

अपणी अग्नि बलमाफक प्रमाणसर भोजन करणा बहोत भोजन करणेसें उलटी दस्त हेजा वगेरे रोग होताहे जीमकर सो कदम टहलणा अध कच्चा अन्न नहि खाणा जीमकर अन्न पचणेकूं मावी करवट पावघंटा सोणा अध घंटा चित्ता सोणा ताकत वधणेकूं निद्रा लेणा नही दिनकूं कभी हमेस फिरणे घिरणेकी मेहनत करणेवाला देरी नहि रखतां मलमूत्रका त्याग करणेवाला उरतोसें वचके रहणेवाला एसे पुरषोके रोग नहि होताहे बिलकुल प्रभातसमें तदन त्रिकाल संध्याकी वखत अथवा रातकूं तथा रस्ता चलते भोजन नही करणा भोजन करती वखत अन्नकी निंदा नहि करणी मावे पगपर हाथ नहि रखणा एक हाथमे खाणेकी चीज लेकर दुसरे हाथसें नही खाणा उघामी जगेमें धूपमें अंधारेमे दरखतके नीचे भोजन नहीकरणा भोजन करती वखत तर्जनी अंगूठेके पास वाली टालनी नहि वस्त्र उर पग धोया विना नंगा होकर मेला वस्त्र पहरकर एक धोती पहरकर भीगा वस्त्र लपेटकर अपवित्र शरीरसें अतिशय जीभकी लोलपता इत्यादिक प्रकारसें भोजन नही करणा पगोमें जूता पहरा

हुवा चित्त ठिकाणे रखे विगर केवल जमीनपर अथवा पिलंगपर बेठकर खूणेमे बेठके दक्षिण दिसामे मूं करके तेसें पतले आसनपर बेठके इत्यादिक प्रकारसें भोजन नहि करणा आसनपर पग रखकर कुत्तेकी चंमालकी उंर नीच अदमीकी जहां नजर पमती होय एसी जगे भोजन नही करणा फूटे वरतणमें मलीन पात्रमें अपवित्र वस्तुसें उत्पन्न गर्भहत्या करणेवालाका स्पर्शा हुवा गाय कुत्ता पक्षीयोका सूंघा हुवा जिस चीजकी खबर नही के ये कहांसें आई हे जिस चीजकूं आप पहचाणे नही एक वेर रांधे हुवेकुं डुवारा गरम कीया होय ए इत्यादिक वस्तुका भोजन नहि करणा जीमते वखत वच २ शब्द वांकातिरछा मूं नही करता अपणे इष्टदेवका नांम लेणा उत्तम हाथोसें जीव जयणासें बणाया गया जीमणा स्वर वहते हुये मौन करके भोजन करणा शरीर वांका तिरछा नहि रखणा खाणेकी सब चीज सूंघके फेर खाणी जिस्सें नजर दोष टलताहे बहोत खारा बहोत खट्टा बहोत गरमागरम बहोत ठंमा अन्न नही खाणा शाक बहोत नही खाणा बहोत मीठी चीजभी नहि खाणी अत्यंत रु-

चिकारीजी चीज नहि खाणी ज्यादा गरम रस ताकतका नास करेहे बहोत खट्टा इंद्रियोकी शक्ति तथा वीर्यकूं हीन करताहे अतिसय खारा आंखोंकों विकार करेहे बहोत चिकणा गृहणी आंत बठी कला हाजमा बिगारेहे कफकूं करुवा उर तीखे रससें जीतणा पित्तकूं मीठे खट्टा मंदरससे जीतणा वायूकूं चिकणा उर गरम रससें जीतणा अजीर्णादि सन्निपातादि वाकी रोगोकूं उपवाससें जीतणा घीके संग करमी वस्तु पहली खावे मीठा रस वगेरे दूध वगेरे बलिष्ट वस्तु नित्य खावे दाहकारी वस्तु नही खावे बहोत जल नही पीवे खाया हुवा पचे बाद भोजन करे पहली मीठा बीचमे तीखा अंतमे करुवा रस खावे जलदी नहि करता हुवा मीठा उर चीकणा रस खावे बीचमे पतला खट्टा उर खारा खावे अंतमे करुवा तीखा रस खावे भोजनकी सरूआतमे जल पीवे तो अग्नि मंद होवे बीचमे पीवे तो रसायण मुजब अंतमे पीवे तो विष माफक नुकशांन करे जीमे बाद एक कुरला मूं साफ करणेकूं जरूर पीणा दटके जीमणा नही भोजन करके भीजा हाथ नेत्र रोगी टालके आंख गालके वाये हाथके नही

लगाणा कल्याणकेवास्तें दोनों गोमोके स्पर्श करणा भोजन करके दो घंटेतक स्त्री संग नहि करणा दोमणा वगेरे खेचल नहि करणा शरीर मर्दन पगचंपी करवाणा नही भार उठाणा बेसणा अथवा स्नान भोजन करके नहि करणा भोजनकर बेठणा नहि बेठे तो मेदवृद्धिसें पेट चूतमभारी होजाताहे सुश्रावक निर्वद्य निर्जीव उर परित्त मिश्र इससें अपणा निर्वाह करतेहे जीमते बूंद या अनाजका दाणा नही गिरावें मन वचन कायाकी गुप्ती रखके भोजन करे विवेकी देव गुरु नगरका मालक तथा स्वजनमे शंकट पमे तो छती शक्ति भोजन नहि करे सूर्यचंद्रका गृहण लगे तब भोजन करणा नही अजीर्ण नेत्ररोगमें भोजन नहि करणा तावकी सरूआतमे लंघन शक्ति माफक करणा वायूसें थकेलेसें क्रोधसें शोकसें कामसें जो ज्वर चढे अथवा चोटसे उसमे लंघण नहि करणा तीर्थ वंदनमें आठम चोदसकूं बमे पर्वके दिन भोजन नही करणा तपस्यासें अनेक कार्य सिद्ध होताहे चक्रवर्त्ति नारायणभी तपस्यासें देव आराधतेहे भोजनकर दांत साफ कर नवकारस मरणकर उठे तथा गुरुकूं तथा देवकूं चैत्य वं-

दनविधिसें वांदे गीतार्थसे मुनिसे अथवा सिद्ध पुत्रसें अथवा गीतार्थ श्रावकसे वांचे पूछे पढ्या हुवा याद करे धर्मकथा सुणे अथवा कहे मनमें सूत्रार्थ विचारे ये पांच प्रकारका स्वाध्याय करे शास्त्रोका रहस्य विचारणा सांझकुं पापका आलोचनारूप प्रतिक्रमण सामायक संयुक्त करे फेर जिन मंदिर जाकर आरती धूपादिक करके परमात्मा श्री तीर्थंकरोका गुण गावे रात्रीकूं च्यारोंही सरण लेकर सब जीवोंकों खमायकर सागारी अणसण लेकर देवगुरुका समरण करे जतनके साथ शयन करे श्रावकके तीन मनोरथहे सो करे अनित्यादिक बारे भावना भावे पिछली रात्रिका जब नींद उम्जाय तब अनादिकालकी अभ्यासरूप दुर्जय काम रागकूं जीतणेकूं स्त्रीके शरीरका अशुचि गलीचपणा विचारे जेसें थूलभद्रस्वामी जंबूस्वामी सुदर्शन सेठ वगेरोने जेसें दुष्कर शील पाला उर मन वस कीया क्रोधादिक कषाय जीतणेकूं जो जो उपाय कीया शंसारअसार बडा विषम एसें मनोरथ करणा स्त्रीका शरीर अपवित्र निंदनीक चामडी हाड मींजी आंतरया चरबी खून मांस पेसाब विष्टा वगेरे गलीच वस्तुसें भरा

हुवा इसकूं तूं क्या अच्छा समजताहे अरे जीव विष्टा वगेरे गलीच चीजकूं देखके जेसें तूं थू थू करताहे ओर नाक चढाताहे तो फिर हे मूर्ख एसे स्त्रीकी सरीरकी क्या इच्छा करताहे विष्टाकी थेली कीडोंकी भरी कपटण चपलाइ ओर झूठसें जो पुरषोकूं ठगतीहे एसी स्त्रीका हावभाव ओर बहारकी सफाइ देख जो मनुष्य मोहके वस ओरतकूं भोगतेहें उसकरके नरकप्राप्ती होतीहे जरूर काम देव जगत लोककूं जीतणे-वालाहे तथापि मनकूं संकल्पसें वर्जे तो सह-जमें काम जीतणेमें आताहे जो जीव जगतमें पूज्य होगये वेभी अपणे जेसेही आदमी थे लेकिन् क्रोध मांन माया लोभकूं त्यागणेका उद्यम कीया तब थोडेही कालमे ईश्वर सिद्ध होगये वाकी सत्पुरष पैदा होणेका कोइ अला-यदा क्षेत्र नहीहे इंद्रियां वगेरे वस्तु तो मनुष्य-के स्वभाव करके प्राप्तहे तेसें साधूपणा मिलणा सहजसें नही लेकिन् गुणोकों धारण करणे-वाला साधू कहलाताहे उद्यम करणेसें गुणोकी प्राप्ति होतीहे कोरा उत्तम जातिवाला हुवा तो क्या हुवा रोहीडेके पुष्पकी तरे देखणे मात्र हो-ताहे वनमें पेदा हुये खसवोदार पुष्पकों लोक

गलेमे पहनतेहे उर अंगमे पेदा हुये मैलकों दूर माजतेहे गुणवानकी नक्ति दया क्षमा शील शंतोष निष्कपटता धारण करता हुवा गृहस्थ-धर्म आराधना करें अवसर आणेसें साधू व्रत गृहणकर निर्ममत्ती होकर सर्वसंग त्यागकर प-रमानंदरूप सिद्धिपद जयकमलाकूं नोगे यह गृहस्थ व्यवहारालंकार ग्रंथ मेने अर्हद्वचना-नुसार संक्षेप ग्रंथांतरोसे जो कुछ लिखाहे कुछ परंपरागत श्रुती कुछ इक अनुनवी वातें लिखीहे इसमें प्रमादके वसया अल्पज्ञताके सबबसें ज्यादा या कम सर्वज्ञ वचनसे विरुद्ध लिख-णेमे आगया होय तो पंचपरमेष्टिकी साक्षीसे मिथ्या दुस्कृत देताहूं विद्वज्जन सुधार लेंगें श्रीरस्तु लेखकपाठकयोः ॥

वसुधामंमलआर्यमे जाकोप्रबलप्रताप ॥
वर्द्धमानजिनराजप्रनु हरो दुरितशंताप ॥ १ ॥
प्रनुवाणीवारिदसघन मतअनेकएकांत ॥
गृहीवूंदनयवृष्टितें चात्रकस्वातिसिद्धांत ॥ २ ॥
संवतविक्रम रायके गतसताब्दउन्नीस ॥
छप्पन्नमाघत्रयोदसी उज्वलपक्षजगीस ॥ ३ ॥
मरुमंमनविक्रमनगर गंगासिंहनरराज ॥
सुरसरिताजसअतिरुचिर॥प्रजपावनकेकाज ॥४॥

वृहत्गच्छखरतरविटप मुनिश्रावकपतफूल ॥
भट्टारकयुगवरप्रवर ॥ कीर्तिसूरिजिनमूल ॥ ५ ॥
शाखाकीर्तिक्षेमकी अतिपसरीनरपूर ॥
अगणितजपमफलगुणी प्रगटेपुन्यपमूर ॥ ६ ॥
धर्मशीलगुरुमिष्टरस पल्लवकुशलनिधान ॥
रसनातारसकरप्रगट कितलगकरेवखान ॥ ७ ॥
गुरुगुणसरससुधानिधी ॥ पानकरणललचाय ॥
गुएससमोमनपीनअति भयोविचक्षणराय ॥ ८ ॥
परउपगारविचारकर निजआतमअविकार ॥
पाठकपदधारकरुचिर विरचतगणिःऋद्धिसार ॥ ९ ॥

इति श्रीश्रावगव्यवहारालंकारग्रंथउपाध्याय
श्रीरामलालजीयुक्तिवारिधिःकृतसंपूर्ण ॥

॥ अथ भावश्रावकके लक्षण लिख्यते ॥

सतरे लक्षणवाला भावश्रावक होताहे सो संक्षेपसें लिखताहूं १ अनर्थकूं पेदा करणेवाली चंचल चित्तवाली ऊंगुणगारी नरक जाणेके रस्ते जेसी स्त्रीकूं जाणके अपणे जीवका भला चाहता हुवा उसके वशमें नही रहे २ इंद्रीयांरूप चंचल घोमे हमेसां दुर्गतिके रस्ते दोमतेहे इसवास्ते शंसारका यथार्थ स्वरूप जांणणेवाला श्रावक सम्यक् ज्ञानकी लगामसें इंद्रियोकूं खोटे रस्ते नही जाणे देणा ३ सब अनर्थका तथा प्रयासका क्लेसका कारण ऊर असार एसा धनकूं जाणकर बुद्धिमांन पुरष थोमाही धनका लोभ नहि करे ४ संसार आप दुखरूप दुखका फल देणेवाला परिणाम याने आगेभी दुखदाई विटंबनारूप एसा जांण उसमें प्रीति रखके मुरजाणा नही ५ जहर जेसा विषय क्षणमात्र सुख देणेवाला एसा विचार हमेसां करणेवाला संसार प्रपंचसे मरणेवाला सर्वज्ञ कथित तत्वका जांणकार उन विषयोकी इच्छा नहि करे ६ तीव्र आरंभ ओमे निर्वाह नहि होता दीखे तोभी सर्व जीवपर दया रखता हुवा गुजरान माफक थोमा आरंभ करे ऊर

बिलकुल आरंभसे रहित एसें मुनिजनोकी स्तवना करता रहे ७ गृहस्थावासकूं बेमी उंर फांस समान गिणता दिलके ऊपर कर डुरक करके रहे उंर चारित्र मोहनी कर्म खपाणेके उद्यममें रहे ८ बुद्धिमांन पुरष मनमें गुरुभक्ति उंर धर्मकी श्रद्धा रखकर धर्मकी प्रभावणा प्रशंसा इत्यादिक करता हुवा निर्मल सम्यक्त पाले ए विवेकसें चलणेवाला धीर पुरष साधारण मनुष्योंकूं अण समजपणेकर गाम्री प्रवाह चलणेवाला समजे ज्ञानशुन्य किसी भाग्यवानकूं कोइ धर्मादि कर्त्तव्य करता देखे उस मुजब तत्वज्ञानरहित हीया शून्यपणे करतेहे एसा समज बुद्धिवंत लोक संज्ञाका त्याग करे १० एक जिनागम स्यादवाद् न्याय टाल डुसरा यथार्थ नही उंर डुसरे शास्त्र मोक्षका रास्ता नही एसा जांणकर सर्वक्रिया अनुष्टांन जिनागमके अनुसार करे ११ अपणे जीवकी शक्तिकूं नही छिपाता हुवा जेसें संसारके बहोतसे कामकाज करताहे तेसेंइ अपणी हिम्मत नहि हारता हुवा दानशील तपभावना प्रमुख च्यार प्रकारके धर्मकूं जेसें आत्माकूं पीमा नही होय एसी तरे आदरे १२ चिंतामणी रत्नकी तरे डुर्लभ एसी

हितकारी उंर निरवद्य धर्मक्रिया पायकर अच्छी तरे आचरणा करता हुवा एसा आपणेकूं करते हुवेकूं देखके अज्ञानी लोक अपणेकूं हसे तोभी उनोके हसणेसें मनमें लज्या लाणी नही १३ देह स्थिति रक्षाका मूलकारण धन स्वजन आ- हार उंर घर इत्यादिक शंशारगत चीजोके ऊपर रागद्वेष नहि रखता हुवा संसारमें रहे १४ अपणा हित चाहता हुवा मध्यस्थपणेसें रहकर नित्य मनमें समताका विचार रखता हुवा रागद्वेषके वस नहि होणा कदा ग्रहकूं सर्वथा छोडदे १५ हमेसां दिलमें सब चीजोकी क्षणभंगुरताका विचारकर धनवान होकरकेभी धर्मकृत्यमें हरकत होय एसा उनोका संबंध नहि रक्खे १६ संसारसें विरक्त हुवा श्रावक भोग उपभोगकी चीजोसें तृप्ति होती नही एसा विचार करता हुवा उंरतके आग्रहसें कांम भोगसेवें जेसें ज्वरके पीडामें कुटकी चिरायता आदि खारा द्रव्य दिलमें नहि रुचे तथापि रोग मिटाणेकूं प्राणी खाताहे तेसें काम रोगकी शांति करे १७ वेस्या जो कसबण उसकी तरे आशंसा रहित श्रावक आज अथवा कल छोड- दूंगा एसा विचार करता पराई चीजके माफक

लूखे परणामोसें घरवास पाले एसे ये सतरे गुणोकरके जो युक्त सो जिनागममें नाव श्रावक कहताहे एसा परिणामोवाला नाव श्रावक शुन-कर्मके योगसें जलदी नाव साधूपणा पाताहे इसतरे धर्म रत्नशास्त्रमें लिखाहे ॥

इति श्री श्रावकव्यवहारालंकारग्रंथे नावश्रा-वकलक्षणसंपूर्ण ॥ जैनधर्ममें मूं बंधोके पंथवाले कहतेहे दो हजार वर्षका नस्मग्रह वीरप्रनूके जन्मराशिपर बेठाथा सो दो हजार वर्षतक जैन धर्मका उदय पूजा सत्कार नही नया वह ग्रह उतरा उंर हम प्रगटे सो जैनका उद्योत नया उत्तर नस्मगृह नगवानके रासिपर आ-याथा सो उनोके शंतानोका उदय पूजा सत्का-र कम पमा था जब वह उतरा तब नगवानके शंतान जती साधूउंकी पूजा सत्कार उंर धर्मो-द्योत नया खरतर गच्छी श्री जिन चंद्रसूरिः तपाहीरविजयसूरिः ज्ञांनविमलसूरिः विजयदां-नसूरि सं १६ से विक्रमके क्रिया उद्धार करा जिनोने अकब्बरसें उपदेस कर जैन तीर्थकी रक्षा करी अमारि उदघोषणा हिंन्दमे फिरवाइ इसवास्ते जिसकूं रोग होताहे रोगकी मुदत पोहचणेसें वोही आराम होताहे सो नया

भगवांनने कहाथा मेरे चेलोंका उदय पूजा सत्कार दो सहस्र वर्षतक नही होगा लेकिन् एसा नही कहा के एक गुरु विगरका लूंपक पंथ ढूंढक होंगे उनोकी पूजा होगी तीनसे तेतीस वर्षका फेर जन्मरासिपर धूम्रकेतु ग्रह बेठा उसके प्रताप जैनधर्मकूं मलीन करणेकूं मूर्तिनिंदक शास्त्रोत्थापक महानिन्नववाईसगोष्टि छावंगचूलियासूत्रमें लिखा सो तुम भये ॥ ॥

नीचे लीखे हुवे पुस्तक हमारे याहां मिलते हैं.

हिंदुस्थानी भाषाके ग्रंथ.

	नाम.	किंमत.
१	करुणा बत्तिसी, दादासाहेबपूजा	०–४
२	सोळे चाणक्य, शकुनावली स्वरोदय	१–०
३	मूर्तिमंम्ननका सिद्धमूर्ति विवेकविलास	०–८
४	पूजामहोदधि–गायनरूप ३७ पूजा	४–०
५	श्रावक व्यवहारालंकार	१–८

ग्रंथ छपते हैं.

१	श्रीपालचरित्र	१–८
२	धर्म्मरत्नसमुच्चय—जिस्में पंचप्रति क्रमणसूत्र विधि समेत, थुई चैत्य वंदन, बडे स्तवन, सिज्झाय, छोटे स्तवन, पूजा सर्व तपस्या विधि, श्रावकके नित्य कर्तव्य इत्यादिक अनेक संग्रहों समेत फेर जीव विचार, नवतत्व, दंडक अर्थ समेत छपताहै	५–०